देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट

गोण्डा सोमवार 16 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 59 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA–30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

## ताज होटल में बम धमाका का धमकी भरा कॉल

मुंबई, (ईएमएस)। मुंबई में लगातार बम धमाका का धमकी भरा कॉल आ रहा है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है. ऐसी ही एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई जब मुंबई के मशहूर ताज होटल में बम होने की धमकी भरा कॉल मिला. इस मामले में 36 साल के एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 8.30 बजे एक शख्स ने मुंबई फायर ब्रिगेड कंट्रोल को फोन कर धमकी दी कि वह मुंबई के ताज होटल में बम विस्फोट करने जा रहा है और तुम जो चाहो कर सकते हो. इसके बाद फायर ब्रिगेड ने मुंबई पुलिस को इसकी जानकारी दी. इस धमकी भरे कॉल से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया. पुलिस तुरंत बम डिटेक्टरों और निरोधक दस्ते के साथ ताज होटल परिसर में पहुंच गई। पुलिस ने एक घंटे तक ताज होटल की तलाशी ली, लेकिन ऐसी कोई चीज नहीं मिली. पुलिस ने जब कॉलर के नंबर की जांच की तो पता चला कि उसने फायर ब्रिगेड कंट्रोल को कॉल करने से पहले 28 बार मुंबई पुलिस कंट्रोल को कॉल किया था.

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

# भारत को दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए नगरीय विकास एक महत्वपूर्ण पक्ष –मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में 234 करोड़ रु0 लागत की 303 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि नगरीय विकास आज की आवश्यकता है। भारत को दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए नगरीय विकास एक महत्वपूर्ण पक्ष है। इससे रोजगार सृजन की सम्भावनाएं भी बढ़ती हैं और विकास के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। यह स्वावलम्बन का आधार भी बन सकता हैं। पहले नगरीय क्षेत्रों में विकास के प्रति अनियोजित और अवैज्ञानिक सोच ने समस्या खड़ी कर दी थी। सभी महानगरों में कूड़े के पहाड़ हुआ करते थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत एक बड़े अभियान को आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद गोरखपुर में नगर निगम गोरखपुर एवं एन0टी0पी0सी0 विद्युत व्यापार निगम के मध्य 255 करोड़ रुपए की लागत से सहजनवा के सुथनी में 500 टन प्रतिदिन क्षमता के चारकोल प्लाण्ट की स्थापना हेतु एम0ओ0यू0 तथा 234 करोड़ रुपये लागत की 303 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इनमें 114 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 189 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने सफाई, स्वच्छता, जागरूकता, कचरा प्रबन्धन तथा पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाईकर्मियों तथा संस्थाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी के समक्ष एन0टी0पी0सी0 के विद्युत व्यापार निगम व नगर निगम गोरखपुर के मध्य चारकोल प्लाण्ट तथा सोलर प्लाण्ट की स्थापना के लिए एम0ओ0यू0 का आदान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री जी ने स्वच्छता जागरूकता के लिए नगर निगम के सफाई वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित नगर निगम की पुस्तक व कैलेण्डर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री जी ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि 09 दिनों तक मां भगवती दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाएगी। विजयदशमी न्याय, सत्य और धर्म की विजय की तिथि है। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन नगर निगम गोरखपुर तथा एन0टी0पी0सी0 के मध्य सॉलिड वेस्ट मैनेजमेण्ट के लिए एम0ओ0यू0 किया गया है। यह नगरीय विकास की दृष्टि से एक बहुत बड़ा कार्य है। स्मार्ट सिटी की दृष्टि से इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महानगर का सारा सॉलिड वेस्ट एन0टी0पी0सी0 द्वारा लगाए जा रहे प्लाण्ट में निस्तारित करने उससे चारकोल, सी0एन0जी0 एवं बिजली बनाने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नगरीय जीवन को स्वच्छ तथा सुन्दर बनाने और आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सॉलिड वेस्ट या किसी भी प्रकार के वेस्ट को वेल्थ में बदलने की दृष्टि से चारकोल प्लाण्ट की स्थापना के लिए नगर निगम गोरखपुर की पहल अत्यन्त सराहनीय है। जनपद गोरखपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में स्थापित करने में इसकी बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री जी ने इस कार्य के लिए एन0टी0पी0सी0 का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद गोरखपुर ने विगत 06 वर्षों में एक लम्बी दूरी तय की है। आज जनपद गोरखपुर में सभी प्रमुख मार्ग फोर-लेन या सिक्स-लेन के हो चुके हैं। अन्य मार्गों के विकास की कार्यवाही भी चल रही है। गोरखनाथ मन्दिर के पूर्वी गेट से लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज और मेडिकल कॉलेज तक का मार्ग अब पर फोर-लेन में बदल चुका है। पहले इनके मध्य दूरी आधे घण्टे में तय होती थी, आज मात्र 05 मिनट में तय हो जाती है। इससे समय की बचत हुई है, साथ ही, विकास की अनेक सम्भावनाएं भी बनी हैं। इसी प्रकार अन्य मार्गों के विकास के कार्य भी हो रहे हैं। आज अच्छी सड़के गोरखपुर की पहचान बन रही है। हमें विकास की सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोड़धोइया नाले के विकास के साथ ही, विकास के अन्य कार्यक्रम भी आगे बढ़ रहे हैं। गोरखपुर के नाले और नालियों की सफाई करके समय से तैयार किया रहा है। इसका परिणाम है कि अब गोरखपुर में जल-जमाव की सम्भावनाएं कम है। जैसे-जैसे सभी परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी, गोरखपुर में जल जमाव की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। आज बी0आर0डी0 मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर के साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी-उत्तर बिहार और नेपाल की तराई के एक बड़े भू-भाग के लिए स्वास्थ्य का एक प्रमुख केन्द्र बना है। यहां सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक तथा बाल विभाग का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। गोरखपुर एम्स का निर्माण होने के बाद विकास की अनेक सम्भावनाएं आगे बढ़ी है। फर्टिलाइजर कारखाना और रामगढ़ ताल गोरखपुर को नई पहचान दे रहे हैं। हमें विकास की सोच के साथ निरन्तर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। सांसद श्री रविकिशन शुक्ल, विधायक श्री विपिन सिंह तथा महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक श्री प्रदीप शुक्ला, पूर्व महापौर श्री सीताराम जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सी0ई0ओ0 एन0टी0पी0सी0 सुश्री रेनू नारंग तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

## शारदीय नौ रात्रि पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी सहित अनेक राजनेताओं ने दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली (ईएमएस)। रविवार से शारदीय नौ रात्रि की शुरुआत हो गई है। पहले दिन मां शैलपुत्री की दिल्ली सहित देश भर के मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने देशवासियों को नौ रात्रि की शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को नौ रात्रि पर शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। इधर पीएम मोदी ने एक्स पर शुभकामना संदेश पोस्ट करते हुए कहा कि नौ रात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री के चरणों में कोटि-कोटि वंदन। उनसे प्रार्थना है कि देश के जन-जन को शक्ति और समृद्धि का आशीर्वाद दें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, शक्ति की आराधना के पावन पर्व नौ रात्र की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। जय माता दी!

## 21 अक्टूबर को भरी जाएगी गगनयान की पहली टेस्टिंग उड़ान

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो कामयाबी की नित नई उड़ाई भर रही है। इसी दिशा में नासा 21 अक्टूबर को गगनयान की पहली टेस्टिंग उड़ान भरेगी। चालक दल से बचने की प्रणाली का प्रदर्शन करने के लिए चार उड़ान परीक्षण वाहन एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) में से पहली उड़ान भरेगी। इस मिशन को बड़ी सफलता की नजर से देखा जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पहला मानवरहित परीक्षण मिशन टीवी-डी1 21 अक्टूबर को होगा। सोमनाथ ने कहा कि सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी।मॉड्यूल एक बिना दबाव वाला संस्करण है,जिसने अपना एकीकरण और परीक्षण पूरा कर लिया है और लॉन्च कॉम्प्लेक्स में भेजे जाने के लिए तैयार है।इस बिना दबाव वाले क्रू मॉड्यूल संस्करण में वास्तविक गगनयान क्रू मॉड्यूल का समग्र आकार और द्रव्यमान होना चाहिए और इसमें मंदी और पुनर्प्राप्ति के लिए सभी सिस्टम शामिल होंगे। पैराशूट, रिकवरी एड्स, एक्चुएशन सिस्टम और पायरो के पूरे सेट के साथ क्रू मॉड्यूल में एवियोनिक्स सिस्टम नेविगेशन, सीक्वेंसिंग, टेलीमेट्री, इंस्ट्रूमेंटेशन और पावर के लिए दोहरे निरर्थक मोड कॉन्फ़िगरेशन में हैं। इसरो ने कहा कि क्रू मॉड्यूल के साथ क्रू एस्केप सिस्टम को लगभग 17 किमी की ऊंचाई पर परीक्षण वाहन से अलग किया जाएगा। इसरो ने कहा, इसके बाद सीईएस (क्रू एस्केप सिस्टम) को अलग करने और पैराशूट की श्रृंखला की तैनाती के साथ शुरू होने वाले अबॉर्ट अनुक्रम को स्वायत्त रूप से निष्पादित किया जाएगा, जो अंततः श्रीहरिकोटा का तट से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में सीएम (क्रू मॉड्यूल) के सुरक्षित टचडाउन में समाप्त होगा।

गगनयान मिशन के दौरान क्रू मॉड्यूल अंतरिक्ष यात्रियों को दबावयुक्त पृथ्वी जैसी वायुमंडलीय स्थिति में रखेगा। इसरो के अनुसार, इस मिशन में क्रू मॉड्यूल को विभिन्न प्रणालियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए बड़े पैमाने पर उपकरण दिया गया है। भारतीय नौसेना के एक समर्पित जहाज और गोताखोरी टीम का उपयोग करके, बंगाल की खाड़ी में उतरने के बाद क्रू मॉड्यूल को बरामद किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि एकीकरण के बाद क्रू मॉड्यूल को बेंगलुरु में इसरो की सुविधा में ध्वनिक परीक्षण सहित विभिन्न विद्युत परीक्षण से गुजरना पड़ा और 13 अगस्त को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में भेज दिया गया।

## पुलिस चौकी सालपुर परिसर में नवरात्रि, विजय दशमी त्यौहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें

### चौकी प्रभारी ने की पीस कमेटी की बैठक



गोंडा। थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत पुलिस चौकी सालपुर चौकी प्रभारी पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को चौकी परिसर में नवरात्र, विजय दशमी, (दशहरा), आदि त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

चौकी प्रभारी पवन कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्र, विजय दशमी, (दशहरा), आदि त्यौहार के अवसर पर सभी धर्मगुरूओं से अपेक्षा की जाती है कि सभी धर्मसमुदाय के लोग आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनायें रखें। उन्होंने पीस कमेटी की बैठक में आए संभ्रांत लोगों से कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये।

उन्होंने कहा कि नवरात्र, विजय दशमी, दशहरा, आदि त्यौहार को हम मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। इसमें सर्वसमाज की सहभागिता होनी जरूरी है। सभी स्वस्थ्य मन एवं भाईचारे के साथ त्यौहार का आनन्द उठायें। कोई भी कार्य परम्परा से हट कर न किया जाये। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपस में न उलझे उसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि मौके पर पहुंचकर समस्या का निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी समाज का त्यौहार हम सब के लिये एक है, चाहे वह जिस धर्म का हो। पुलिस प्रशासन सबके साथ है आप सबका सहयोग अपेक्षित है। बैठक में मौजूद सभी धर्मों के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई समस्या हो, तो आप सब पुलिस प्रशासन को अवगत करायें। इस अवसर पर चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधान व सभी समुदाय के धर्मगुरु, पुलिस स्टाफ आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया शहर एवं खैराभवानी मंदिर, पोखरा का निरीक्षण दिये आवश्यक निर्देश



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा गोण्डा नगर का भ्रमण कर दुर्गापूजा के पाण्डालों तथा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में सभी पूजा पण्डालों में सुरक्षा मानकों का पालन कराने, यातायात प्रबन्ध व सफाई व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए हैं। सभी एस.डी.एम, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को त्यौहार के दौरान क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अराजकतत्वों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन दुर्गापूजा, दशहरा तथा आगामी दिनों में पड़ने वाले अन्य सभी त्यौहारों को शान्ति व सद्भाव के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। जिलाधिकारी द्वारा आगाह किया गया है कि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा ड्यिूटी में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाहीकीजाएगी।

## दिग्विजय सिंह का कांग्रेस से इस्तीफा

भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्वजय सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दिग्विजय द्वारा इस्तीफा देने संबंधी एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित इस पत्र के शीर्ष में ही कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा लिखा हुआ है और अंत में दिग्विजय के हस्ताक्षर हैं। बाद में दिग्विजय ने इस्तीफा देने की बात का खंडन किया और कहा कि यह भाजपा की शरारत व झूठ है। दिग्विजय ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराने की भी बात कही है।

कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वाले पत्र को झूठा और भ्रामक बताते हुए मामला दर्ज कराने की भी बात कही है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर दिग्विजय के इस्तीफे से जुड़ा पत्र वायरल हुआ, इसके चंद मिनटों में ही खबर जंगल में लगी आग की तरह चारों ओर फैल गई। जब बात दिग्विजय तक पहुंची तो उन्होंने इसका खंडन करने में देर नहीं लगाई और कहा, कि यह भाजपा का फैलाया हुआ झूठ है। मैं मामले की पुलिस से शिकायत करवा रहा हूं। दिग्विजय ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा झूठ बोलने में माहिर है। मैंने 1971 में कांग्रेस की सदस्यता ली थी। पद के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ा था और जीवन की आखिरी सांस तक कांग्रेस में रहूंगा। इस झूठ की मैं पुलिस में शिकायत दर्ज कर रहा हूं।

**क्या लिखा है पत्र में**

इस्तीफे के तौर पर वायरल हुए पत्र में साफ लिखा है, कि अपने पांच दशक के राजनीतिक सफर में कई अनुभव मुझे कांग्रेस में रहते हुए मिले। एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक का सफर मैंने कांग्रेस पार्टी में रहते हुए तय किया। पार्टी ने मुझे राष्ट्रीय महासचिव से लेकर राज्यसभा सदस्य जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुंचाने का काम किया जिसके लिए मैं आजीवन आभारी रहूंगा। लेकिन गत कुछ महीनों से शीर्ष नेतृत्व में उदासीनता देखकर मैं आहत हूं. मध्य प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ता केंद्रित दल न होकर अब विशेष नेता केंद्रित हो गई है। जिसकी वजह से खुद को असहत पा रहा हूं।

## शोध केंद्र निदेशक ने आचार्य शुक्ल की प्रतिमा से सटे शौचालय को तुड़वाने की उठाई आवाज



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। हिन्दी गद्य साहित्य के पुरोधा आचार्य रामचंद्र शुक्ल की बस्ती जनपद के ग्राम अगौना स्थित जन्मभूमि में बने स्मारक भवन में आचार्य प्रतिमा स्थल पर निर्मित शौचालय पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शोध केन्द्र के निदेशक डा. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने जिलाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों से इसे तुड़वाने का अनुरोध किया है।

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष व शोध निदेशक डा. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने मांग करते हुए कहा कि अगौना वासी आचार्य शुक्ल को अपना पूर्वज मानकर उनका जन्म दिवस विक्रमी संवत्सर के तिथि के आधार पर मनाते हैं। जिसके अनुसार इस वर्ष ग्रामवासी कवि सम्मेलन व श्रद्धांजलि आगामी 30 अक्टूबर को आयोजित कर रहे हैं। श्री मिश्र ने जिलाधिकारी बस्ती को पत्र भेजकर मांग किया है कि आचार्य शुक्ल की प्रतिमा से सटे शौचालय को जयंती समारोह से पूर्व तुड़वा कर परिसर में अलग निर्मित कराया जाय।

उन्होंने अयोध्या के महापौर गिरीश पत्र त्रिपाठी एवं बस्ती के सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्लसे स्मारक भवन की दुर्दशा पर वार्ता कर आचार्य शुक्ल की मर्यादा के अनुकूल स्मारक भवन के सुन्दरीकरण करवाने का अनुरोध किया है।

शोध निदेशक श्री मिश्र ने जिलाधिकारी बस्ती को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार व हिन्दी को वर्तमान वैश्विक महत्ता दिलाने वाले विद्वान लेखक आचार्य रामचंद्र शुक्ल की जन्मभूमि विकास खण्ड बहादुरपुर के रामजानकी मार्ग कलवारी कस्बा के सन्निकट ग्राम पंचायत अगौना में स्थित है। आचार्य शुक्ल की स्मृति में वहाँ स्मारक भवन का निर्माण कराया गया है। आचार्य शुक्ल की जन्म स्थली स्थित यह स्मारक स्थल राष्ट्रभाषा- प्रेमियों व साहित्यकारों के लिए साहित्यिक तीर्थ है ,जहां वर्ष भर देश भर से साहित्य के श्रद्धालु व शोधकर्ता दर्शन के लिए आते हैं। आचार्य शुक्ल का यह भवन वर्तमान में जर्जर व समुचित देखरेख और संसाधनों के अभाव में दुर्दशाग्रस्त है। स्मारक भवन में पूर्व मण्डलायुक्त विनोद शंकर चौबे के सौजन्य से निर्मित आचार्य शुक्ल की प्रतिमा के सन्निकट ग्राम प्रधान द्वारा दूषित मानसिकता से शौचालय व टैंक का निर्माण करा दिया गया है जिसके कारण हिन्दी- प्रेमियों, छात्र - छात्राओं को गन्दगी से माल्यार्पण के साथ परिक्रमा करने में घोर असुविधा एवं मानसिक पीड़ा होती है। श्री मिश्र ने पत्र में यह भी कहा है कि आचार्य शुक्ल की जयंती पर पिछले 4 अक्टूबर 2023 को जनपद गोण्डा के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के शोध केंद्र के तत्वावधान में शोध निदेशक शैलेंद्र नाथ मिश्र के नेतृत्व में तीन दर्जन साहित्य प्रेमियों कवि लेखकों व प्राध्यापकों द्वारा निकाली गई साहित्य लोकमंगल यात्रा में यात्रा दल ने अगौना स्थित स्मारक भवन में आचार्य शुक्ल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और स्थानीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं की उपस्थिति में अयोध्या के महापौर के मुख्य आतिथ्य में साहित्य में लोकमंगल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कर आचार्य शुक्ल के साहित्यिक अवदान पर चर्चा किया गया। जिसमें प्रदेश से बाहर से आये विद्वानों ने आचार्य की प्रतिमा के बगल शौचालय व स्मारक भवन की दुर्दशा पर पीड़ा व्यक्त किया।

श्री मिश्र ने डीएम व प्रशासनिक अधिकारियों से आचार्य शुक्ल स्मारक भवन को दुर्दशामुक्त कराने हेतु उच्च स्तरीय कमेटी से जांच करवाने के साथ ही प्रतिमा स्थल पर निर्मित शौचालय को परिसर में अन्यत्र निर्मित कराने का अनुरोध किया है।

## धूमधाम से मनाया गया अग्रसेन जयंती. मेंहदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा






डा0 कल्पराम त्रिपाठी

गोन्डा। रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित 44वां महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह पर रविवार को ध्वजारोहण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महाराजा अग्रसेन जी की मंदिर में पूजन -पाठ हुआ। उसके बाद हवन हुआ फिर आरती हुई ।और प्रसाद वितरण हुआ। फिर अग्रसेन चौक चौराहे पर भी पूजन पाठ हुआ।

कार्यक्रम में आरती थाल प्रतियोगिता हुई जिसमें 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उसके बाद मेंहदी प्रतियोगिता हुई। मेंहदी प्रतियोगिता में वैशाली अग्रवाल,चंचल गोयल, खुशी अग्रवाल ,नेहा अग्रवाल, सोनिया गोयल, वर्तिका सोमानी,यशी अग्रवाल तानवी अग्रवाल ,बरखा अग्रवाल ,कृतिजा केडिया ने प्रतिभाग किया। उसके बाद रस्साकशी प्रतियोगिता हुई जिसमें ग्रुप ए से राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट और ग्रुप बी से विजेन्द्र सिंघल टीम के बीच हुई। जिसमें विजेन्द्र सिंघल की ग्रुप बी टीम बिजयी रहीं।।उसके बाद फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता, नेल आर्ट प्रतियोगिता,मंडाला आर्ट पैंटिंग प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस,एकल नृत्य, प्रश्नोत्तरी , उसके बाद समूह नृत्य प्रतियोगिता हुई।

शनिवार की रात महिला नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें तीन ग्रुप शामिल हुआ । कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक रहा कि जज को जजमेंट करने के लिए बहुत ही मशक्कत करनी पड़ी ।ये कार्यक्रम अग्रवाल नवयुवक संघ गोन्डा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर खान-पान में पीजा, कुल्फी,चाट, कोल्ड्रड्रींक, आइसक्रीम, गेम, कपड़े आदि कई तरह के स्टाल लगे हुए थे।

कार्यक्रम में लोगों ने खूब लुफ्ट उठाया ।कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, विकास जैन,अनिल मित्तल,चेतन अग्रवाल ,अजय मित्तल, डॉ राजीव अग्रवाल,शिव अग्रवाल, प्रदीप गर्ग,अजय गर्ग, सुनील नेवटिया राजीव अग्रवाल, अनूप गोयल,सुशील जालान, महेश नहारिया,पंकज अग्रवाल, आयुष केडिया,महिला मंडल की सीमा अग्रवाल,सरोज अग्रवाल,पूनम मित्तल,बेनू अग्रवाल, नीलम जैन, प्रीती अग्रवाल,सरोज गर्ग,रेनू अग्रवाल, मंजू अग्रवाल,सरोज नेवटिया, मीनू पचेरिया,सुधा टेकडीवाल, रूचिका नेवटिया सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रही।

त्रिगुट

सोमवार 16 अक्टूबर 2023

## इंडिया गठबंधन का ओबीसी प्रेम

भारतीय जनता पार्टी ने 80-20 का जो खेल खेला था। उसका जवाब इंडिया गठबंधन को, अब भाजपा को देने का मौका मिल गया है। 80 फ़ीसदी हिंदुओं के वोट धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने पक्ष में करने की जो बयार बहाई थी। इसका फायदा 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को खुलकर मिला। धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर हिंदुत्व की जो राजनीति भारतीय जनता पार्टी कर रही थी। उसका जवाब अब इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ओबीसी वर्ग के प्रति प्रेम जताकर भाजपा को चुनौती दे रहे हैं। बिहार में जाति आधार पर जनगणना हुई। 60 फ़ीसदी से ज्यादा पिछड़ी जातियां जनगणना की रिपोर्ट में सामने आई हैं। जिनमे अति गरीब, गरीब और मध्यवर्ग की बहुत बड़ी आबादी पिछड़े वर्ग की है। पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर पिछले कई वर्षों से राजनीतिक दलों द्वारा आरक्षण बढ़ाने की मांग हो रही थी। कई राज्यों के हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर याचिका लंबित है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 50 फ़ीसदी अधिकतम आरक्षण की सीलिंग तय किए जाने के कारण पिछड़े वर्ग को आरक्षण का लाभ उनकी जनसंख्या के आधार पर नहीं मिल पा रहा था। क्योंकि कभी इनकी जनगणना हुई नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने जाति जनगणना के आधार पर आंकड़े भी समय-समय पर मांगे हैं। केंद्र सरकार ने एक आयोग भी गठित किया था। जिसे पिछडा वर्ग की जनसंख्या कर रिपोर्ट सौंपनी थी। हाल ही में एक रिपोर्ट आयोग ने केंद्र सरकार को सौंप दी है। आंकड़ों के आधार पर ही आरक्षण के बारे में निर्णय करने की बात न्यायालय ने अपने निर्णयों में कई बार कही थी।

बिहार सरकार ने जाति जनगणना करा ली है। इस निर्णय में भारतीय जनता पार्टी भी साथ थी। 60 फ़ीसदी से ज्यादा हिंदू जातियां बिहार में पिछड़े वर्ग के अंतर्गत आती हैं। ऐसी स्थिति में अब विपक्ष और कांग्रेस के लिए 80-20 के धार्मिक ध्रुवीकरण की नई तोड मिल गई है। धार्मिक ध्रुवीकरण के मुकाबले में अब सामाजिक ध्रुवीकरण की नई लड़ाई भारत में शुरू हो गई है। राहुल गांधी ने जिस तरह से पिछड़े वर्ग की उपेक्षा का आरोप सरकार पर लगाया है। उसके बाद से भारतवर्ष में सभी हिन्दू जातियों में अपने आर्थिक एवं सामाजिक अधिकार को लेकर एक नई चेतना देखने को मिल रही है। पिछड़ा वर्ग, दलित, आदिवासी जाति आधार पर एकजुट हो रहा है। इसका नुकसान भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट रूप से होता हुआ दिख रहा है। हिंदू समुदाय भी अब खंड-खंड में बंटने के लिए तैयार है। महिला आरक्षण कानून को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से विशेष सत्र बुलाकर, महिलाओं का आरक्षण कानून बनाकर, महिलाओं का समर्थन पाने की चेष्टा की थी। उसमें भी भारतीय जनता पार्टी पिछड़ते हुई दिख रही है। परिसीमन के बाद ही 2029 लोकसभा चुनाव मे महिलाओं को आरक्षण मिल सकता है। भाजपा ने अभी से महिलाओं की उम्मीदें जगा दी हैं। भारतीय जनता पार्टी और वर्तमान केंद्र सरकार महिलाओं को जाति आधार पर आरक्षण देने के लिए तैयार नहीं है। यह माना जा रहा है, कि उच्च वर्ग की महिलाऔं को महिला आरक्षण का लाभ मिलेगा। पिछड़ा वर्ग, एसटी, एससी की महिलाएं एक बार फिर पीछे रह जाएगी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए, राहुल गांधी ने संसद के अंदर केंद्रीय सचिवालय में 90 सचिवों के बीच में से केवल 3 सदस्य पिछड़ा वर्ग के होने के बात कहकर सत्ता मे पिछड़े वर्ग की भागीदारी का नया मुद्दा, बना दिया है। एसटी, एससी वर्ग को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। पिछड़ा वर्ग इससे वंचित है। भारतीय जनता पार्टी ने 80-20 का जो धार्मिक ध्रुवीकरण बनाया था। उसी का जवाब सामाजिक ध्रुवीकरण के रूप में 20-80 का है। समय रहते भारतीय जनता पार्टी को इंडिया गठबंधन के इस चक्रव्यूह को समझाना पड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी यदि इस चक्रव्यूह को भेद पाई, तो ठीक है। अन्यथा जाति समीकरण इंडिया गठबंधन के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका असर जरूर पड़ेगा।

## नवरात्रि के दोहे

प्रो.शरद नारायण खरे

दुर्गा माँ तुम आ गईं,हरने को हर पाप।
संभव सब कुछ है तुम्हें,तेरा अतुलित ताप।।
बढ़ता ही अब जा रहा,जग में नित अँधियार।
करना माँ तुम वेग से,अब तो तम पर वार।।
भटका है हर आदमी,बना हुआ हैवान।
हे माँ! दे दो तुम ज़रा,मानव-मन को मान।।
सद्चिंतन तजकर हुआ,मानव गरिमाहीन।
दुर्गा माँ दुर्गुण हरो,सचमुच मानव दीन।।
छोटी-छोटी बच्चियाँ,हैं तेरा ही रूप।
उन पर भी तुम ध्यान दो,बाँटो रक्षा-धूप।।
हम सब हैं तेरा सृजन,तू सचमुच अभिराम।
दुर्गा माँ तू तो सदा,रखती नव आयाम।।
ये पल पावन हो गए,लेकर तेरा नाम।
यह जग दुर्गे है सदा,तेरा ही तो धाम।।
दुर्गा माँ तुम वेगमय,तुम तो हो अविराम।
धर्म,नीति तुमसे पलें,साँचा तेरा नाम।।
दुर्गा माँ तुमने किया,मार असुर कल्याण।
नौ रूपों में तुम रहो,पापी खाते बाण।।
सिंहवाहिनी दिव्य तुम,हम सब तेरे लाल।
दर्शन दो,हमको करो,हे माँ !आज निहाल।।

# मां दुर्गा के नौ अलौकिक रूप



योगेश कुमार गोयल

नवरात्रों का भारतीय समाज और विशेषकर हिन्दू समुदाय में विशेष महत्व है। 'नवरात्र' को विश्व की आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व माना गया है। नवरात्र के 9 दिन देवी के विभिन्न स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं। नवरात्र प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलते हैं और शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की प्रतिमाएं बनाकर प्रतिपदा से नवमी तक उनकी बड़ी निष्ठा से पूजा की जाती है, व्रत रखा जाता है तथा दशमी के दिन इन प्रतिमाओं को गंगा या अन्य पवित्र नदियों में विसर्जित कर दिया जाता है। इस वर्ष नवरात्रि पर्व 15 से 23 अक्तूबर तक मनाया जा रहा है। नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है।

### प्रतिपदा ( महाकाली/शैलपुत्री )

पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि एक बार पूरा संसार प्रलयग्रस्त हो गया। चारों तरफ केवल पानी ही पानी दिखाई देता था। उस समय भगवान विष्णु की नाभि से एक कमल उत्पन्न हुआ। उस कमल से ब्रह्मा जी निकले। इसके अलावा भगवान विष्णु के कानों से कुछ मैल भी निकला और देखते ही देखते उस मैल से मधु और कैटभ नामक दो दैत्य बन गए। जब उन दैत्यों ने चारों तरफ नजर दौड़ाई तो उन्हें वहां ब्रह्मा जी के अलावा और कुछ दिखाई नहीं दिया। ब्रह्मा जी को देखकर दोनों दैत्य उन्हें मारने दौड़े। भयभीत हुए ब्रह्मा जी ने तब भगवान विष्णु की स्तुति की। स्तुति से भगवान विष्णु की आंखों में वास करने वाली महामाया लोप हो गई और उनकी नींद खुली। भगवान विष्णु के आंख खोलते ही दोनों दैत्य उन्हें मारने दौड़े। इस प्रकार 5000 वर्षों तक भगवान विष्णु और उन दैत्यों के बीच युद्ध चलता रहा। आखिरकार महामाया ने भगवान विष्णु की रक्षा के लिए उन असुरों की बुद्धि को पलट दिया और बुद्धि पलटते ही दोनों असुरों ने भगवान विष्णु से कहा, ''हम तुम्हारे युद्ध कौशल से बहुत प्रसन्न हैं। तुम हमसे जो चाहो, वर मांग लो।'' तब भगवान विष्णु ने कहा, ''यदि हमें वर देना ही है तो यह वर दो कि दैत्यों का नाश हो जाए।'' ''ठीक है, ऐसा ही होगा'' कहते ही दैत्यों का विनाश हो गया। जिसने असुरों की बुद्धि को बदलकर उनसे यह कहलवाया था, वह देवी 'महाकाली' ही थी।

### द्वितीया ( महालक्ष्मी/ब्रह्मचारिणी )

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। एक समय महिषासुर नाम का दैत्य हुआ था। उसने समस्त राजाओं को हराकर पृथ्वी और पाताल पर अपना अधिकार जमा लिया। जब वह देवताओं से युद्ध करने लगा तो देवता भी उससे युद्ध में हारने लगे। आखिरकार वे भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे और उस दैत्य से बचाने के लिए उनकी स्तुति करने लगे। देवताओं की स्तुति से भगवान विष्णु प्रसन्न हुए। तब उनके शरीर से तेज निकला, जिसने 'ब्रह्मचारिणी' का रूप धारण किया। ब्रह्मचारिणी ने महिषासुर से भीषण युद्ध करके उसे मारकर देवताओं के कष्ट को दूर किया।

### तृतीया ( महासरस्वती/चंद्रघटा )

शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। कहा जाता है कि शुम्भ और निशुम्भ नाम के दो बहुत बलशाली दैत्य हुए थे, जिनके साथ युद्ध में मनुष्य तो क्या, देवता भी बुरी तरह परास्त हुए थे। जब देवताओं ने देखा कि उन्हें किसी भी प्रकार परास्त करना संभव नहीं तो वे भगवान विष्णु की शरण में गए। उस समय भगवान विष्णु के शरीर से एक ज्योति प्रकट हुई, जो 'महासरस्वती' थी। वह अत्यंत रूपवान थी, जिनका रूप देखकर दोनों दैत्य उन पर मुग्ध हो गए और उन्होंने देवी के पास उनसे शादी करने की इच्छा प्रकट करने के लिए सुग्रीव नामक अपना एक दूत भेजा लेकिन देवी ने दूत को वापस भेज दिया। तत्पश्चात् शुम्भ-निशुम्भ ने देवी को जबरन उठा लाने के लिए अपने सेनापति को भेजा लेकिन देवी ने उसे सेना सहित मार गिराया। उसके बाद दोनों दैत्य स्वयं उनसे युद्ध करने सामने आए और तब वे भी देवी के हाथों मारे गए।

### चतुर्थी ( योगमाया/कुष्मांडा )

चौथे स्वरूप में देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। जब कंस ने वसुदेव-देवकी के 6 पुत्रों का वध कर दिया तो सातवें गर्भ में शेषनाग बलराम जी आए, जो रोहिणी के गर्भ में प्रविष्ट होकर प्रकट हुए। जब आठवां जन्म श्रीकृष्ण जी का हुआ तो साथ ही साथ गोकुल में यशोदा के गर्भ से योगमाया का जन्म हुआ, जो वसुदेव के द्वारा कृष्ण के बदले मथुरा लाई गई। जब कंस ने कन्या रूपी योगमाया को मारने के लिए जमीन पर पटकना चाहा तो उसने कंस के हाथ से छूटकर आकाश में जाकर देवी का रूप धारण कर लिया। आगे चलकर इसी योगमाया ने श्रीकृष्ण के साथ योगविद्या और महाविद्या बनकर कंस, चाणूर आदि कई शक्तिशाली असुरों का संहार कराया।

### पंचमी ( रक्त दंतिका/स्कंदमाता )

भगवान स्कन्द ( कार्तिकेय ) की माता होने के कारण देवी के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। एक बार वैप्रचित्ति नामक एक असुर ने जन्म लिया, जिसके कुकर्मों से समस्त पृथ्वीवासी 'त्राहिमाम् त्राहिमाम' कर उठे। उसके अत्याचारों और आसुरी वृत्तियों से देवता भी त्रस्त थे। देवताओं व पृथ्वीवासियों की करूण पुकार सुनकर तब दुर्गा देवी ने रक्त दंतिका नाम से अवतार लिया और वैप्रचित्ति सहित अनेक असुरों का संहार किया। यह देवी असुरों को मारकर उनका रक्तपान किया करती थी, इसीलिए देवी के इस रूप का नाम 'रक्त दंतिका' भी प्रचलित हुआ।

### षष्ठी ( शाकुम्भरी/कात्यायनी )

यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। एक समय पृथ्वी पर पूरे सौ वर्षों तक वर्षा नहीं हुई, जिस कारण चारों ओर हाहाकार मच गया। सभी जीव भूख और प्यास से व्याकुल होकर मरने लगे। तब ऋषि-मुनियों ने मिलकर देवी भगवती की कठोर उपासना की। उनकी उपासना से प्रसन्न होकर जगदम्बा ने 'शाकुम्भरी' नाम से स्त्री रूप में अवतार लिया और उनकी कृपा से जल की वर्षा हुई, जिससे पृथ्वी के समस्त जीवों को जीवनदान मिला।

### सप्तमी ( दुर्गसेनी/कालरात्रि )

दुर्गा का सातवां स्वरूप देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

भारतवर्ष में दुर्गम नाम का एक राक्षस हुआ था, जिसके भय से केवल पृथ्वी ही नहीं बल्कि स्वर्ग और पाताल में निवास करने वाले भी थर्राते थे। ऐसी विपत्ति के समय में भगवान विष्णु की 'शक्ति' ने 'दुर्गा' ( दुर्गसेनी ) नाम से अवतार लिया और दुर्गम राक्षस को मारकर ब्राह्मणों तथा हरिभक्तों की रक्षा की। दुर्गम राक्षस का वध करने के कारण ही तीनों लोकों में इस देवी का नाम 'दुर्गसेनी' प्रसिद्ध हो गया।

### अष्टमी ( भ्रामरी देवी/महागौरी )

आठवें दिन महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। एक बार एक महाअत्याचारी अरूण नाम का असुर पैदा हुआ। उसने स्वर्ग में जाकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया, यहां तक कि वह देवपत्नियों का सतीत्व भंग करने की भी कुचेष्टा करने लगा। अपने सतीत्व की रक्षा के लिए देव पत्नियों ने भौंरों का रूप धारण कर लिया और दुर्गा देवी की प्रार्थना करने लगी। देव पत्नियों को दुःखी देखकर मां दुर्गा ने भ्रामरी का रूप धारण कर उस असुर को उसकी सेना सहित मार डाला और इस प्रकार देव पत्नियों के सतीत्व की रक्षा की। तभी से उनका नाम 'भ्रामरी देवी' विख्यात हुआ।

### नवमी ( चण्डिका/सिद्धिदात्री )

नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं। कहा जाता है कि एक बार पृथ्वी पर चण्ड-मुण्ड नामक दो राक्षस पैदा हुए थे। वे इतने बलशाली थे कि उन्होंने पूरे जगत में अपना राज्य फैला लिया था और देवताओं से स्वर्ग भी छीन लिया था। स्वर्ग छिन जाने से दुःखी देवता देवी दुर्गा की स्तुति करने लगे और तब देवी 'चण्डिका' के रूप में अवतरित हुई

## बच्चों की फिक्र

विजय गर्ग

जब पढ़ाई और परीक्षा में प्रदर्शन के दबाव की वजह से विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या के बढ़ते मामले चिंता के केंद्र में आ गए हैं, ऐसे समय में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक बेहद जरूरी पहल की गई है। उम्मीद नाम से तैयार अपने मसविदा दिशानिर्देशों में मंत्रालय ने कहा है कि बच्चों के बीच आत्महत्या की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए वेलनेस यानी आरोग्य टीम गठित की जाए और साथ ही अगर कोई विद्यार्थी आत्महत्या के जोखिम से जुड़ा कोई संकेत प्रदर्शित करता है तो उसकी तत्काल पहचान करके उसे ऐसी स्थिति से बाहर लाने में सहयोग किया जाए। दरअसल, यह एक जटिल समस्या के रूप में चिह्नित किया जा सकता है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान पढ़ाई-लिखाई में उपजी नई परिस्थितियां कुछ विद्यार्थियों के सामने ऐसा दबाव पैदा कर रही हैं कि कई बार वे उसे बर्दाश्त कर पाने में सक्षम नहीं हो पाते और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। इस स्थिति की मूल वजहों के साथ-साथ समस्या यह भी है कि ऐसी स्थिति में पड़े बच्चों को ठीक समय पर आसपास का सहयोग नहीं मिल पाता है और वे अपने उलझे हालात में और गहरे फंसते चले जाते हैं । ऐसे में स्कूलों या शैक्षिक संस्थानों के भीतर भी अगर कोई ऐसा तंत्र खड़ा किया जा सके जो दबाव और उससे उपजी परिस्थितियों का सटीक आकलन करे और इसके असर में पड़े विद्यार्थियों की पहचान करके समय पर ठोस मदद मुहैया कराए तो इस समस्या पर काबू पाना मुश्किल नहीं है । इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देश एक बेहतर रास्ता तैयार करने की कोशिश है, जिसे विकसित करने के पीछे का मुख्य विचार है- हर बच्चे का महत्त्व है। इसके तहत स्कूलों को संवेदनशीलता और समझ बढ़ाने के साथ-साथ अपना नुकसान करने से बचाने के लिए बच्चों को समय पर सहायता प्रदान करने को कहा गया है । यों भी आत्महत्या आमतौर पर अचानक उपजी परिस्थिति का नतीजा नहीं होते और इसमें सामाजिक धारणाएं और सोच एक प्रमुख कारक और प्रभाव के रूप में काम करती हैं। इसलिए दिशानिर्देश में स्कूलों, अभिभावकों और समुदाय के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने, खुदकुशी को रोकने और आत्मघाती व्यवहार से जुड़ी नकारात्मक सोच को खत्म करने के मकसद से सामाजिक सहयोग और समर्थन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है। यह विडंबना ही है कि बच्चों के लिए स्कूली या किसी भी स्तर की जो शिक्षा सहजता से ज्ञान प्राप्त करने, बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण का जरिया होना चाहिए, वह एक ऐसे दबाव के रूप में काम करने लगती है, जिसका बोझ सह पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है । सवाल है कि हर परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक लाने, किसी प्रतियोगिता में हर हाल में सफल होने और पद हासिल करने की बेलगाम होड़ बच्चों में कैसे पैदा हो जाती है? स्कूल से लेकर समाज और खुद अभिभावकों के भीतर परीक्षा में ऊंचे अंक के आधार पर देखने की भूख ने बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क को इस कदर नुकसान पहुंचाया है कि पढ़ाई-लिखाई के बीच उनके विवेक, धीरज और संतुलन पर इसका घातक असर पड़ता है।

शिक्षा और शिक्षण की परिस्थितियों को सहज और ज्ञान प्राप्ति का जरिया बनाने के साथ-साथ अगर बच्चों के भीतर उथल-पुथल की पहचान समय पर करके उन्हें मनोवैज्ञानिक सहायता मुहैया कराई जा सके तो इस समस्या का हल निकाला जा सकता है। लेकिन इसके लिए अंक आधारित महत्त्वाकांक्षा की परिभाषा को बदल कर बेहतर, संवेदनशील और बुद्धिमान मनुष्य बनाने की कसौटी तैयार करनी होगी । इस लिहाज से देखें तो केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर जारी ताजा दिशानिर्देश एक स्वागतयोग्य पहल है ।

## लड्डू गोपाल की लाडली प्रभा

डॉ श्रीगोपाल नारसन

लड्डू गोपाल यूं तो न जाने कितने परिवारों के घर की रौनक है। हर घर मे परिवार के एक सदस्य के रूप में लड्डू गोपाल विराजित रहते है। घर मे उनका विशेष ख्याल रखा जाता है। सबसे पहले भोग भी उन्ही को लगता है। कहते भी है परमात्मा को अपना साथी बना लो तो फिर किसी अन्य की आवश्यकता नही रहती। चाहे भक्ति मार्ग हो,या फिर ज्ञान मार्ग । परमात्मा को एक परमपिता के रूप में,एक गुरु के रूप में,एक शिक्षक के रूप में ही नही ,अपने मित्र और संतान रूप में भी मान सकते है। लड्डू गोपाल, परमात्मा को मानने,उनकी याद में रहने का एक माध्यम ही है। कहते भी है कि हमे वह भोजन करना चाहिए ,जो भोजन भोग के रूप में हम परमात्मा को अर्पित कर सकते हो,अभिप्राय शुद्ध व सात्विक भोजन से है।

इससे घर मे शुद्धता, पवित्रता रहती है और घर एक मंदिर बन जाता है। प्रभा ने भी यही किया। पहले मायके में अपनी दादी मां से मिले भक्ति संस्कारो को ग्रहण किया और फिर लड्डू गोपाल से दिल लगाकर उनकी याद में खो गई। प्रभा से मेरी पहली मुलाकात सन 1990 में हुई थी,एक नटखट सी अल्हड़ लड़की, जिससे भी वह मिलती, बस मुस्कान बिखेरती ,चाहे घर हो या स्कूल-कॉलेज मर्यादा उसका पहला आभूषण रहा। भाग्य की इतनी धनी कि जहां भी रही, वही आखानन्दी होने लगती। न जाने क्यों मुझे प्रभा से विशेष स्नेह रहा,हमेशा मेरी खुशहाली की कामना करती रहती। जब भी जाता पलकपावडे बिछाकर स्वागत करती। श्रीकृष्ण प्रणामी पंथ से जुड़ी प्रभा ने कभी ईर्ष्या,द्वेष,भेदभाव, ऊंच-नीच ,छोटे -बड़े की बात नही की। वह जिसे अपना मानती उसके लिए सदैव दायित्वबोध रहता। काष्ठ नगरी सहारनपुर जिले के जड़ौदा जट में हिंदी प्रवक्ता रामबोल शर्मा की पुत्री प्रभा ने जीवनपर्यंत सुसंस्कारों को जिया,मायके की सहज बोली से किसान राजधानी सिसौली में ससुराल की ठेठ खड़ी बोली में खुद को ऐसा ढाला कि उन्नति के द्वार खुलते चले गए। उसके ससुर पंडित इंद्र दत्त भी चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की तरह ब्राह्मणों की 84 खाप के नेता माने जाते है,तभी तो उनका सामाजिक दायरा कही बड़ा है। प्रभा के सहयोग के बल पर उसके जीवन साथी प्रवीण शर्मा आज मुजफ्फरनगर की प्रसिद्ध रिद्धि सिद्धि पैथोलॉजी लेब के संचालक है। पैथोलॉजी जांच के माध्यम से दूसरों के जीवन मे उजाला करने वाली प्रभा स्वयं की शारिरिक रुग्णता से अनजान रही और इसी 5 अक्टूबर को जब पता चला कि उसे जानलेवा कैंसर है,तो सबके पैरों तले की जमीन खिसक गई। 5 दिनों तक जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष करते हुए प्रभा तो 10 अक्टूबर को जीवन से पलायन कर गई लेकिन उसके लड्डू गोपाल अभी भी उसके अधूरे सपनो को पूरा करने के लिए वही विराजित है,जहां उन्हें बैठाकर प्रभा परमधाम को गई है। मात्र 50 वर्ष की आयु में इस तरह चले जाना मुझे ही नही हर किसी को अखर रहा है,लेकिन लगता है परमात्मा को अपने पास भी अच्छी आत्माओं की ज्यादा जरूरत है। प्रभा भी एक पवित्र,निर्लेप, सहिष्णुता की धनी आत्मा है,जो अब अशरीरी होकर परमधाम में वास कर रही है। परमात्मा द्वारा प्रदत्त असीम शांति के साथ, प्रभा को अंततः शत शत नमन।

## नदियों में लापरवाही से डूबकर बेमौत मरते लोग दोषी कौन

नरेन्द्र भारती

देश की नदियों में लापरवाही से लोग डूबकर बेमौत मारे जा रहे हैं,कहते हैं अगर बीते हादसों से सबक सीखा जाये तो आने वाली घटनाओं क़ो रोका जा सकता है मगर लोग समझ नहीं रहे हैं और बेमौत मारे जा रहे हैं द्य बिहार में चौबीस घटों में 22 लोगों की डूबने से हुई मोतों से हर भारतीय सदमे में है द्यदेश में प्रतिवर्ष हजारों जीवन हादसों में तबाह हो रहे है देश में हर रोज बच्चों से लेकर युवाओं तक के डूबने के समाचार मिल रहे है ।पूरे देश में यह समस्या गंभीर होती जा रही है। पूजा करने वाले व मूर्ति विसर्जन करने वाले श्रदालू लोग जोखिम उठा रहे हैं और डूब रहे हैं सबक न सीखना लोगों की आदत बनता जा रहा है और लोग व पर्यटक जानबूझकर अपनी जाने जोखिम में डाल रहे है और असमय काल के गाल में समाते जा रहे है पिछले सप्ताह मंडी के कोटली में खड्डु में नहाने उतरे एक बच्चे की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई और दूसरा बच्चा बच गया द्य बीते 28 अप्रैल 2023 को कुल्लु के बाशिंग में छुरडू के पास ब्यास नदी में पर्यटक राफटिंग कर रहे थे राफटिंग के दौरान राफट पलटने से एक पर्यटक की मौत हो गई थी जबकि 6लोग घायल हो गए थे ।यह पर्यटक महाराष्ट्र के रहने वाला था ।राफट में 6 लोग की क्षमता होती है जबकि इसमें सात लोग सवार थे अभी 29 अक्मूबर 2021 को भी बाशीग मे ही पुलिस लाइन के पास ऐसा ही हादसा हुआ था जिसमें दो युवतियों की मौत हो गई थी और चार युवतियां घायल हो गई थी यह युवतियों घूमने आई थी ।बार बार हादसे हो रहे है फिर भी लोग मनमानी कर रहे हैं प्रशासन को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए। जून 2014 में हैदराबाद के छात्र जो हिमाचल भ्रमण पर आए थे थलौट में दरिया के किनारे नहाने उतर गए थे जब लारजी प्रोजैक्ट से पानी छोड़ा था उसमें 24 छात्रों की मौत हो गई थी लगभग एक महिना सर्च आपरेशन चलाया गया और तब जाकर उनकी लाशों का निकाला गया था जिसमें करोड़ो रुपया खर्च आया था ।गनीमत रही कि दूसरी बस के छात्र नहाने नहीं उतरे तो कम से कम 50 छात्र मारे जातें। देश की नदियों में नौनिहालों के डूबने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं 22 जून 2016 को सेल्फी लेने के चक्क्र में दस छात्र गंगा मे डुब गए थे जिनमे से तीन को बचा लिया गया था जबकि सात की डूबकर मौत हो गई थी जरा सी लापरवाही के कारण जान से हाथ धोना पड़ा यदि समझदारी से काम लेते तो अपना जीवन न खोते। कुल्लू में व्यास नदी में फोटो खिचते समय पैर फिसल जाने से बह गया था उसकी लाश बरामद नहीं हो सकी थी इतने हादसों के बाद भी लोगों को होश नही आ रही है कि नदी का बहाव तेज है फिर भी मनमानी कर रहे है और प्रशासन व पुलिस को समस्या में डाल रहे है। कांगडा में भी नदी किनारे दो भाई बहन कपड़े धोने गए थे कि भाई का पांव फिसला और वह नदी में डूब गया उसको बचानें के लिए बहन पानी में कूद गई और दोनों बेमौत मारे गए। पिछले दिनों मनीकर्ण में भी में पर्वतारोही चार छात्र बर्फ में फंस गए थे और प्रशासन की मुस्तैदी से बच गए थे। वर्ष 2015 में आगरा में यमुना नदी में चार नाबालिग बच्चे डूब गए थे जिनमें से एक बच्चे को लोगों ने बचा लिया था मगर तीन बच्चे डूब कर बह गए थे। यह बहुत ही दुखद हादसा था। देश में बढते हादसों को प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतश्योक्ति नहीं होगी क्योकि देश के राज्यों मे हर रोज कहीं न कही ऐसे हादसे हो रहे है और प्रशसान हाथ पर हाथ धरे बैठा है ।हर वर्ष पर्यटक नदियों में बहकर मारे जा रहे है मगर इन से पर्यटकों ने कोई सीख नही ली और मौत के मुह में समाते जा रहे है। हालाकि प्रशासन ने नदियों के किनारे न जाने के चुतावनी बोर्ड लगाए है मगर लोग इनका उल्लघन कर रहे है ।समझ नहीं आता कि लोग इतने लापरवाह कैसे हो जाते हैं कि देश में बडे से बडे हादसे हो चुके है मगर लोग घोर लापरवाहीयां करने से बाज नहीं आते हैं। अगर लोग जरा सी सावधानी बरतें तो इन हादसों से बचा जा सकता है ।ऐसे हादसे समाज के लिए घातक हैं। दोषी लोगों को दंडित करे। अगर लोग लापरवाही बरतेगें तों ऐसे ह्ृदयविदारक हादसे होते रहेगें तथा लोग नदियों डुबकर बेंमौत मरते रहेगें। प्रंशासन को इन बढते हादसों को देखते हुए सर्तकता बरतनी चाहिए तथा नदियों के किनारों पर सुरक्षा कर्मीयों की तैनाती करनी चाहिए ताकि इन हादसों को रोका जा सके। केन्द्र सरकार को चाहिए कि नदियों के किनारे रैलिग लगाई जाए ऐसे स्थानो पर चैकिदारों की निगरानी रखी जाए व पुलिस का पहरा लगाया जाए तथा छोटे बच्चो व लागों को नदियों मे नहाने से रोका जाए ताकि फिर कोई हादसे न हो सके ।बक्त अभी संभलने का है अगर अब भी लोगों ने सबक नहीं सीखा तो आने वाले दिनों में पर्यटक लोग व बच्चे नदियों में बहते समाते रहेगें मनमानी करने वालों पर शिकंजा कसना चाहिए ताकि भविष्य मे ऐसे हादसों पर रोक लग सके

## द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो।

जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वत- समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर ह्रदय को शान्त रखकर। संसार में जैसे ही तुम एक विरोध को समाप्त करते हो तो दूसरा खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए जैसे ही रूस की समस्या समाप्त हुई, बोस्निया की समस्या खड़ी हो गई। एक समस्या हल होती है, तो दूसरी शुरू हो जाती है। तुम्हें जुकाम हुआ। वह जरा ठीक हुआ नहीं कि फिर कमर में दर्द शुरू हो गया। फिर यह ठीक हो गया। और तो और, शरीर ठीक ठाक है तो मन अशान्त हो जाता है। बिना किसी इरादे के गलतफहमियां पैदा होती हैं, उलझन पैदा होती है। यह तुम्हारे ऊपर नहीं कि तुम उनका समाधान करो। तुम तो बस उन पर ध्यान न दो, बस जीवन्त रहो।

## इस्लामिस्टों से कब मुक्त होंगी कांग्रेस की विदेश नीति ?

के. विक्रम राव

छः दशक बीते। लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. जीएन धवन और प्रोफेसर पीएन मसालदान ने मुझे एम.ए. में पढ़ाया था कि हर गणराज्य की विदेश नीति सार्वभौम और स्वतंत्र होनी चाहिए। फिर卐टाइम्स आफ इंडिया卐 में सात प्रदेशों में संवाददाता का काम करते मैंने पाया कि आंचलिक सियासी स्वार्थ बहुधा राष्ट्रनीति निर्धारित करते हैं। मसलन श्रीलंका के प्रति विदेशनीति को द्रमुक दल तय करते रहे। सरकारें गिरा दी थीं। एम. करुणानिधि और जे. जयललिता ने। उत्तर अमेरिका और कनाडा पर नजरिया भारत के खालिस्तान-समर्थक प्रभावित करते रहे। देश के मुसलमान तो अरब देशों के प्रति नीति पर दबाव डालते रहते हैं। अतः शायद वोटरों को लुभाना ही यकीनन कांग्रेस की प्राथमिकता रही है। वर्ना पार्टी ने परसों ( 8 अक्टूबर 2023 ) अपनी कार्यकारिणी के प्रस्ताव में आतंकी इस्लामी गिरोह हमास द्वारा इजराइली जनता पर अंधेरे में पांच हजार राकेट दागने की निंदा की होती। अर्थात वह भारत के मुसलमानों को नाराज नहीं करना चाहती। हालांकि नरेंद्र मोदी ने राजधानी तेल अवीव ( मई 2001 ) में जाहिर कर दिया था कि वे मुस्लिम वोट बैंक के कैदी नहीं हो सकते। यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की विदेश नीति का कोई भी आतंकी गुट भयादोहन नहीं कर सकता। याद कर लें। संयुक्त राष्ट्र संघ में 1949 में इस्राइल को सदस्य बनाने का प्रस्ताव आया था। जवाहरलाल नेहरु के आदेश पर भारत ने इस्राइल के विरुद्ध वोट दिया। सारे इस्लामी राष्ट्र गदगद थे। मगर इन्हीं इस्लामी राष्ट्रों ने कश्मीर के मसले पर पाकिस्तान के पक्ष में वोट दिया था। एक दकियानूसी मजहबी जमात है आर्गेनिजेशन आफ इस्लामी कंट्रीज। जब मुस्लिम फिलीस्तीन का विभाजन कर नये राष्ट्र इस्राइल का गठन हो रहा था तो इन सारे मुस्लिम देशों ने जमकर मुखालफत की थी। मगर जब ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा विशाल भारत का विभाजन कर पाकिस्तान बन रहा था तो इन्हीं इस्लामी राष्ट्रों ने उस बटवारे का स्वागत किया था। आज तक कश्मीर को ये इस्लामी राष्ट्र-समूह पाकिस्तानी ही मानता है। एक खास बात। जितने भी अरब राष्ट्र हैं जो इस्राइल पर वीभत्स आक्रमण कर चुके हैं, वे सभी निजी तौर पर इस्राइल से तकनीकी और व्यापारी संबंध कायम कर रहे है। इन कट्टर इस्लामी देशों की लिस्ट में हैं मोरक्को, बहरेइन, जोर्डन, अबू ढाबी, संयुक्त अरब अमीरात, सूडान इत्यादि। प्रथम है मिस्् जिसके नेता कर्नल जमाल अब्दुल नासिर। उन्होंने सबसे पहले ( 7 जून 1967 ) को संयुक्त अरब देशों की ओर से इस्राइल पर हमला बोला था। पराजित हुये थे। सभी अचरज में हैं कि कम्युनिस्ट चीन जो आज इस्लामी देशों का भाई बनता है, उसने भारत द्वारा ( 29 जनवरी 1992 ) मान्यता देने के माह भर पूर्व ही इस यहूदी देश को मान्यता दे दी थी।

गत सप्ताह कुछ मीडिया-चैनलों ने दर्शाया कि अटल बिहारी वाजपेई सदैव इजरायल के खुले समर्थक रहे। तब 1977 मोरारजी देसाई वाली जनता पार्टी की सरकार थी। वाजपेयी विदेश मंत्री थे। इसराइल के विदेश मंत्री मोशे दयान दिल्ली आये थे। अगस्त माह में लुकते छिपते, छद्म वेश में। उनकी मशहूर कानी आंख जो सदा ढकी रहती थी, निजी पहचान बन गई थी। निशा के अंधेरे में मोशे दयान की अटल बिहारी वाजपेयी से गुप्त स्थान पर भेंट हुई। मोरारजी देसाई से भी मोशे दयान अनजानी जगह वार्ता हेतु मिले। पर जनता पार्टी के इस प्रधानमंत्री के कड़े निर्देश थे कि मोशे दयान से भेंट की बात पूरी तरह से रहस्य रहे। वर्ना मेरी सरकार ही गिर सकती है। दो गणराज्यों के इन प्रधानमंत्रियों की काया-भाषा ( बाडी लेंगुयेज ) संकेत देती है। गत वर्षों में नरेंद्र मोदी और नेतनयाहू ने बेनगुरियन विमान स्थल पर स्नेह की प्रगाढता पेश की। समूची काबीना बैठक छोड़कर एयर इंडिया के विमान की बाट जोहे ? राष्ट्रपति रेवेलिन से किसी ने पूछा कि सारे नियमों को तोड़कर ऐसा क्यों ? उन्होंने कहा - शिष्टता महज़ एक औपचारिक रीति है। दोस्तों से औपचारिकता कैसी ? मोदी मित्र हैं। मोदी ने श्लोम उच्चारण किया, जिसके हीब्रयु भाषा में अर्थ है शुभम और भारत में सलाम। श्लेषालंकार का मोदी ने नमूना पेश किया यह कहकर कि ई माने इण्डिया और ई माने इसराइल। नेतनयाहू ने कह भी दिया कि भारत तथा इसराइल विश्व का जुगराफिया बदल सकते है। यह गठजोड़ जन्नत में रचा गया है। हीब्रयू में नेतनयाहू के अर्थ है जबरदस्त जीत। संस्कृत में पुरूषों में श्रेष्ठ को नरेंद्र कहा जाता है।

हालांकि सोनिया गांधी ( 9 दिसंबर 1946 ) के पूर्व का भारतीय इतिहास से अनभिज्ञ थी क्योंकि तब वे जन्मी नहीं थीं। उनके पति के नाना जवाहरलाल नेहरू ने 1950 में इसराइल को एक गणराज्य के रूप में मान्यता दे दी थी। इस भारतीय प्रधानमंत्री ने बांदुग ( हिंदेशिया ) सम्मेलन में इजरायल को आमंत्रित किया था। हालांकि दौत्य संबंध कांग्रेसी प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने स्थापित किया था। राजीव गांधी 1985 में संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक आम सभा में इसराइली प्रधानमंत्री से मिले। किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की इसराइली प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाक़ात थी। कहा जाता है कि उस वक्त पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम से भारत चिंतित था। इसलिए इसराइल के साथ जाने में संकोच को छोड़ना ठीक समझा। कांग्रेस पार्टी की एक त्रासदी रही कि वह प्रदेशीय दलों के दबाव में अपनी विदेश नीति बनाती-बदलती रही। मसलन उत्तरी श्रीलंका के हिंसक विद्रोह लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम ने राजीव गांधी की दक्षिण एशियाई नीति पर बहुत दबाव डाला था। सोनियापति राजीव ने इसका खामियाजा भुगता। लिट्टे ने उनकी हत्या कर दी थी। अचरज होता है कि कांग्रेस पार्टी 75 साल बाद भी इस्लाम के चंगुल से निकल न सकी। वोट बैंक जो ठहरा!

## ...लो आ गई जाग सांझी जाग री, मेरे माथे लिखते सौभाग्य री

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

लिल्ली धोडी रे कौन फिरे सवार,मै था दुलीचन्द बोबो हे, सांझी का लेवणहार। बोबो थोडा पिला दे हे, तेरा बीर प्यासा जाए। नवरात्रों पर गांव देहात के हर घर में यह लोकगीत पुराने समय से गाया जाता है ।सांझी की आरती के रूप में सुबह शाम गाये जाने वाले इस लोक गीत में कही न कही एक संदेश है,साथ ही भारतीय संस्कृति की अनूठी झलक भी, इस गीत में देखने को मिलती है। श्राद्ध के अन्तिम दिन अमावस्या को देवी रूप में मिटटी से बनी मां सांझी को प्रतिष्ठित कर मां सांझी की पूरे नवरात्रों तक पूजा अर्चना की जाती है। पहले गांव हो या शहर, घर की लडकियां कच्ची मिटटी से नई नई डिजाईन व नये नये साज श्रंगार के साथ सांझी तैयार करती थी। सांझी के साथ चांद तारे से लेकर कई आकृतियां सजाई जाती थी। जो शिल्पकला का अदभुत नमूना होता है।

श्राद्ध पक्ष आते ही सांझी बनाने का सिलसिला शुरू हो जाता है और नवरात्र से एक दिन पहले गोबर से चिपकाकर दिवारों पर सांझी लगाई जाती है ।समय के साथ सांझी भी हाईटेक हो गई है। अब सांझी घरो में बनाने के बजाए बाजार से खरीदकर लगाई जाने लगी है ।एक सांझी 100 रूपये से 500 रूपये तक आसानी से मिल जाती है। ऐसे में सांझी को घर में बनाने की परम्परा अब खत्म प्रायः हो गई है ।जिससे घर की लडकियां सांझी बनाने की शिल्पकला से वंचित हो गई है। एक बोध कथा के अनुसार, सांझी एक गरीब परिवार में जन्मी एक ऐसी लडकी थी, जिसे ससुराल भी गरीब ही मिली ।ससुराल में सांझी को कई झूठे इल्जाम और ताने सहन करने पडतें थे। यानि सांझी को ससुराल में प्रताडित किया गया। सांझी को मायके लिवाने जब उसका भाई दुलीचन्द उसकी ससुराल आया तो उससे सांझी की पीडा देखी नही गई। हद तो तब हो गई जब ससुराल वालों ने सांझी को उसके भाई के साथ भेजने से इंकार कर दिया ।सांझी जिद पर अड गई और भाई दुलीचन्द के साथ मायके चली गई । जहां पहुंचने पर सांझी की आरती उतारकर पूरे गांव ने स्वागत किया। सांझी के मायके में स्वागत के दौरान चना जिसे चाब कहा जाता है,का प्रसाद बाटा गया । तभी से यह पर्व मनाने और पर्व पर चाब के रूप में भीगे हुए चने बांटने की परम्परा है। राधा बल्लभ संप्रदाय के अनुयायी सांझी को राधा कृष्ण की प्रेम भक्ति के रूप व्याख्यायित करते है तो कही कही सांझी की पूजा 16 दिनों तक किये जाने की भी परम्परा है। लोक कथाओं के साथ साथ लोक गीतों में कालजयी सांझी की कथा सहज ही समझ में आ जाती है। सांझी की आरती सुबह शाम करते समय प्रार्थना के रूप में जो लोक गीत गाए जाते है उन लोक गीतो की एक बानगी देखिए, चाब दे री चाब दे सांझी की मां चाब दे , तेरी सांझी जीवे चाब दे । इसी तरह आरता री आरता सांझी मां आरता । गाकर सांझी मां की पूजा की जाती है।

इसी सांझी मां की प्रतिमा के सामने सांझी स्थापना के अगले दिन कच्ची मिटटी में जौ बोये जाते है। प्रतिदिन सुबह शाम सांझी को स्नान कराते समय व भोग लगाते समय इन बोये गए जौ में नियमित पानी छिडकने से जौ अकुंरित होकर पौधा बनने लगता है जिसे नोरते कहते है। चूंकि दशहरे तक ये नोरते काफी बडे हो जाते है इस लिए इन्ही नोरतों से दशहरे की पूजाकर कर बहने अपने भाईयों के कानो पर नोरते रखकर उनकी दिर्धायु की कामना करती है और बदले में भाई अपनी बहन को सोगात देता है। हांलाकि सांझी प्रतिमा को दशहरे से एक दिन पूर्व ही श्राद्धाभाव से उतारकर किसी दरिया में विर्सजित कर दिया जाता है ।घर की लडकिया सांझी प्रतिमा को विर्सजित करते समय उदास भी होती है क्योंकि उन्होने सांझी की प्रतिमा को बडे परिश्रम व उत्साह से बनाया था। परन्तु उन्हे यह ढांढस बंधाकर कि अगले साल फिर सांझी मां आएगी और उन्हे फिर से सांझी की एक अच्छी सी प्रतिमा बनाने का अवसर मिलेगा, लडकियों को मना लिया जाता है ।सचमुच लडकियों में सांझी बनाने के नाम पर उनकी शिल्पकला प्रर्दशित करने का नवरात्र एक अच्छा अवसर है। जिसमें कन्या की पूजा के साथ ही स्त्री शक्ति सम्मान के रूप में मां दुर्गा का भावपूर्ण स्मरण किया जाता हैऔर श्रद्धालु पूरे नवरात्र उपवास रखकर मां सांझी व मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते है। साथ ही नन्ही मुन्नी बच्चियों को भोजन कराकर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया जाता है। है न भारतीय संस्कृति की यह अनूठी परम्परा ,जहां आधी दुनिया यानि स्त्री जाति के सम्मान का एक बडा अवसर है। शास्त्रों में भी उल्लेख मिलता है कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां ईश्वर वास करते है और जहां ईश्वर वास करते है वह स्थान स्वर्ग बन जाता है ।तो आइए इस धरा को भी स्वर्ग बनाए कन्या भ्रूण हत्या होने न दे,बेटी के जन्म पर फक्र करे और उन्हें बेटो के समान पोषण व संरक्षण दे ।तभी नवरात्र की सार्थकता है। नवरात्र का पर्व देवी पूजा के विभिन्न रूपो की साधना का पावन अवसर है ।जिसमे आस्था,लोकसंस्कृति, शिल्प कला और बच्चों में कलात्मक गुणों का समावेश करने की पुरातन परम्परा है ।इन्ही में से एक है,नवरात्र पर देवी रूप में सांझी का निर्माण व स्थापना और फिर पूरे नवरात्र तक सांझी से जुड़े लोकगीतों के साथ सांझी यानि देवी की पूजा अर्चना,वह भी लोकगीतों के साथ।

शरद नवरात्र की बेला पर
नवदुर्गा का आव्हान करूं
अखंड ज्योति जलाकर
तेरा मै गुणगान करूं
हे शक्ति स्वरूपा प्रथम देवी
जन मन को बदल दो तुम
कन्या भ्रूण हत्या न हो
ऐसा वरदान दे दो तुम
कन्या पर जो कुदृष्टि डाले
उनकी दृष्टि को हर लो तुम
तुम्हारा प्रतिरूप हो कन्याएं
उनमें संस्कार भर दो तुम।

## बंगाल में नवरात्रि की होती है अलग धूम, आखिरी के 4 दिन मां दुर्गा की होती है विशेष पूजा

अनन्या मिश्रा

सनातन धर्म में सभी त्योहारों पर चमक और रौनक दिखाई देती है। वहीं शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 15 अक्टूबर 2023 से हो रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बंगाल की दुर्गा पूजा पूरी दुनिया में फेमस है। सनातन धर्म में सभी त्योहारों पर चमक और रौनक दिखाई देती है। वहीं शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 15 अक्टूबर 2023 से हो रही है। हिन्दू धर्म में शारदीय नवरात्रि के महापर्व को बड़े त्योहारों में से एक माना जाता है। नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। शारदीय नवरात्रि का यह त्योहार पूरे 9 दिन तक मनाया जाता है, लेकिन बंगाल में नवरात्रि की अलग ही धूम देखने को मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बंगाल की दुर्गा पूजा की विशेषता के बारे में बताने जा रहे हैं। हिन्दू धर्म में दुर्गा पूजा का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि का महापर्व सभी राज्यों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। कहीं दुर्गा पूजा का आयोजन होता है तो कहीं गरबा खेलकर इस पर्व को मनाया जाता है। वहीं बंगाल में नवरात्रि के आखिरी 4 दिन काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। नवरात्रि के इन चार दिनों में बंगाल की महिलाएं पारंपरिक साड़ी पहनकर ढाक की धुन पर एक प्रकार का नृत्य करती हैं। इसके अलावा बंगाल जगह-जगह पर भव्य पंडाल लगाए जाते हैं। मां दुर्गा को तमाम तरह को पकवान अर्पित किए जाते हैं। साथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

विशेष होती है बंगाल की दुर्गा पूजा

दुर्गा पूजा का महापर्व पश्चिम बंगाल में बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस दौरान यहां पर बड़े-बड़े पंडाल सजाए जाते हैं। साथ ही मां दुर्गा की पूजा-आरती बड़े विधि विधान से की जाती है। लोग दूर दूर से बंगाल की दुर्गा पूजा देखने के लिए यहां पहुंचते हैं। बंगाल में नवरात्रि के छठें दिन से दुर्गा पूजा शुरू होती है और दस दिन तक चलती है। बंगाल के हिन्दुओं के लिए मां दुर्गा और काली की आराधना सबसे बड़ा पर्व है। बंगाल में दशहरे का पर्व भी सबसे ज्यादा अलग होता है।

दुर्गा पूजा 2023

पितृ पक्ष के खत्म होते ही शारदीय नवरात्र शरू हो जाते हैं। बंगाली भक्त नवरात्रि में दुर्गा पूजा की शुरूआत षष्ठी तिथि से होती है। बता दें कि बंगाल में इस साल दुर्गा पूजा की शुरूआत 20 अक्टूबर 2023 से शुरु होकर 24 अक्टूबर 2023 तक चलेगी। पांच दिन का यह त्योहार बंगालियों के लिए काफी अहम होता है। बंगाल के लोग नवरात्रि में प्रतिपदा तिथि से पंचमी तिथि तक मां दुर्गा की मूर्ति को सजाते और तैयार करते हैं।

## समाजवाद के सच्चे प्रवर्तक थे महाराजा अग्रसेन

रमेश सर्राफ धमोरा

महाराजा अग्रसेन भगवान राम के वंशज और भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन थे। वे राजा राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी की संतान थे । महाराजा अग्रसेन को अहिंसा के प्रतीक, शांति के दूत के रूप में जाना जाता है। महाराजा अग्रसेन त्याग, करुणा, अहिंसा, शांति, समृद्धि के अवतार और एक सच्चे समाजवादी थे। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की छोटी-छोटी मदद से समान समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है। महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी। महाराजा अग्रसेन एक कर्ता ( कर्मयोगी ) थे जिन्होंने सभी के लिए समृद्धि की कामना की। उन्होंने अहिंसा का आदर्श अपनाया जिसमें उन्हें पशु बलि की निरर्थकता का एहसास हुआ। इस अहसास ने उन्हें अहिंसा के सशक्त नायकों में से एक बना दिया। उन्होंने सभी जानवरों की बलि पर प्रतिबंध लगा दिया। हालाँकि अहिंसा में उनके विश्वास का मतलब उत्पीड़न का विरोध न करना नहीं था बल्कि उन्होंने आत्मरक्षा को बढ़ावा दिया। उनके अनुसार आत्मरक्षा और राष्ट्ररक्षा केवल क्षत्रियों - योद्धा जाति का कार्य नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभूमि की रक्षा करे। महाराजा अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा वल्लभ सेन के घर हुआ था। जिसे दुनिया भर में अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये थे। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इस के राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे।

महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे। जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वंयवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है। महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है। उन्होंने परिश्रम और उद्योग से धनोपार्जन के साथ-साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर वैश्य जाति को व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर आत्म-रक्षा के लिए शस्त्रों के उपयोग की शिक्षा पर भी बल दिया। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। कहते हैं कि एक बार अग्रोहा में बडी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं।

वैसे महाराजा अग्रसेन पर अनगिनत पुस्तके लिखी जा चुकी हैं। सुप्रसिद्ध लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र जो खुद भी अग्रवाल समुदाय से थे। उन्होने 1871 में अग्रवालों की उत्पत्ति नामक एक प्रामाणिक ग्रंथ लिखा है। जिसमें विस्तार से इनके बारे में बताया गया है। 24 सितंबर 1976 में भारत सरकार द्वारा 25 पैसे का डाक टिकट महाराजा अग्रसेन के नाम पर जारी किया गया था। सन 1995 में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से 350 करोड़ रूपये में एक विशेष तेल वाहक पोत ( जहाज ) खरीदा, जिसका नाम महाराजा अग्रसेन रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर है। आज का अग्रोहा ही प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित अग्रवालों का उद्गम स्थान आग्रेय है। अग्रोहा हिसार से 20 किलोमीटर दूर महाराजा अग्रसेन राष्ट्र मार्ग संख्या 10 के किनारे एक साधारण गांव के रूप में स्थित है। जहां पांच सौ परिवारों की आबादी रहती है। इसके समीप ही प्राचीन राजधानी अग्रेह ( अग्रोहा ) के अवशेष के रूप में 650 एकड भूमि में फैला महाराजा अग्रसेन धाम हैं। जो महाराज अग्रसेन के अग्रोहा नगर के गौरव पूर्ण इतिहास को दर्शाता हैं। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज में पांचवे धाम के रूप में पूजा जाता है। अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने यहां पर बहुत सुंदर मन्दिर, धर्मशालाएं आदि बनाकर यहां आने वाले अग्रवाल समाज के लोगो के लिए बहुत सुविधायें उपलब्ध करवायी है। इतिहास में महाराज अग्रसेन परम प्रतापी, धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में उल्लेखित हैं। देश में जगह-जगह महाराजा अग्रसेन के नाम पर बनायी गयी स्कूल, अस्पताल, बावड़ी, धर्मशालाएं आदि महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों का आधार हैं। जो मानव आस्था के प्रतीक हैं। पांच हजार वर्ष पहले महाराज अग्रसेन द्वारा प्रतिपादित समानता, समाजवाद और अहिंसा के विचार भारत के वर्तमान संविधान की भावना हैं। लेकिन, हम भारतीय इन आदर्शों को अपने जीवन में नहीं उतार पाए हैं, वे हमारे संविधान में केवल शब्द बनकर रह गए हैं। अब यह हम पर निर्भर है कि हम अपने पूर्वज को श्रद्धांजलि के रूप में इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

# संक्षिप्त समाचार

## आरएल ग्लूकोज की चार बोतलों में मिला फंगस

हरदोई। मेडिकल कॉलेज की ओटी में इलाज के दौरान चार रिंगर लेक्टेट सोल्यूशन (आरएल ग्लूकोज) की बोतलों में फंगस पाया गया। इस बात की जानकारी होने पर स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई। इसके बाद जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल में इस सीरियल की आरएल ग्लूकोज की बोतलों की छानबीन की गई। फैजाबाद लखनऊ की एक प्राइवेट कंपनी की ओर से हरदोई जिले को ब्रांच नंबर सी टू वी 20941 की 10,600 आरएल ग्लूकोज की बोतल आई थीं। कॉरपोरेशन के प्रभारी शरस गुप्ता ने बताया कि सभी आरएल बोतलों को जिला अस्पताल महिला अस्पताल व सीएचसी पर भेज दी गई थी। इसी बीच तीन दिन पहले मेडिकल कॉलेज की ओटी में एक मरीज को आरएल की बोतल लगाने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच ड्यूटी पर मौजूद डॉ. विकास चंद्रा ने आरएल की बोतल चेक की। उनका कहना उस आरएल की बोतल में फंगस दिखाई दी। इस बात की जानकारी सीएमएस को दी गई। इसके बाद इस सीरीज की सभी बोतल को हटाने के लिए कहा गया। वहीं सीएमडी के जिम्मेदारों ने बताया कि इस सीरीज की आरएल की बोतलें काफी दिन पहले आई थीं जो अब स्टॉक में नहीं हैं।

इन कारणों से होता है फंगस

डॉ. विकास चंद्रा ने बताया कि जब कोई आरएल की बोतल में लीकेज होती है। इसके अलावा सीलन में रहती है तो ऐसी अवस्था में आरएल की बोतल में फंगस हो जाती है। ओटी में जो भी फंगस युक्त बोतल मिली थी, उन्हें काट कर फेंक दिया गया था। जिसकी सूचना भी दे दी गई थी।

## मुकदमा लिखने में लापरवाह थाना प्रभारी पर चलेगा सीबीआई अदालत में मुकदमा, चार्ज फ्रेम

हाथरस। एक युवती 14 सितंबर 2020 को अपने भाई और अपनी मां के साथ खेत में चारा लेने गई थी। इस दौरान संदीप सिसोदिया ने युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर संदीप ने युवती का गला उसकी चुन्नी से घोट दिया था। तीन साल पहले हाथरस जिले में खेत में चारा लेने गई युवती से दुष्कर्म के प्रयास में हत्या करने पर मुकदमा लिखने में लापरवाह तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश वर्मा के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट सीबीआई की अदालत में मुकदमा चलेगा। बृहस्पतिवार को अदालत के न्यायाधीश ने थाना प्रभारी के खिलाफ चार्ज फ्रेम कर दिया। अदालत से मिली जानकारी के अनुसार हाथरस में रहने वाली एक युवती 14 सितंबर 2020 को अपने भाई और अपनी मां के साथ खेत में चारा लेने गई थी। इस दौरान संदीप सिसोदिया ने युवती के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर संदीप ने युवती का गला उसकी चुन्नी से घोट दिया था। युवती के भाई ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी थी। आरोप है कि पुलिस ने घटना की रिपोर्ट समुचित धाराओं में दर्ज नहीं किया था। इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई थी। परिजनों ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। सीबीआई ने जांच के दौरान दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने थाना प्रभारी दिनेश वर्मा के खिलाफ समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। जांच के बाद सीबीआई ने आरोपपत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट सीबीआई की अदालत में दाखिल किया था। अदालत ने पेश चार्ज सीट पर संज्ञान लेते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश वर्मा के खिलाफ चार्ज फ्रेम किया है।

## आरा मशीन संचालक की गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

मड़ियाहूं। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव में बृहस्पतिवार की शाम आरा मशीन के बाहर खड़े संचालक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की वजह आपसी रंजिश बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे बदमाशों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरे आरोपी को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। नेवादा गांव निवासी जय प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह (45) का घर के बगल में ही आरा मशीन है। शाम 5:30 वे अपने आरा मशीन के बाहर सड़क पर खड़े थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार बगल के ही गांव महमदपुर के तीन युवक आए। किसी बात को लेकर विवाद करते हुए उन पर गोली चला दी। गोली दाहिने तरफ सीने में लगते ही वह गिर गए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश भागने लगे। ग्रामीणों ने दौड़ाकर एक को पकड़ लिया। बाकी दोनों असलहा लहराते हुए फरार हो गए। परिजन व ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल को नगर स्थित चिकित्सक के पास ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें वाराणसी ले जाया गया। देर रात उपचार के दौरान जय प्रकाश की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस बाबत एडिशनल एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आपसी रंजिश को लेकर गोली मारी गई है। मामले में एक को मौके से हिरासत में लिया गया है। घायल के परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## छह माह तक देवर ने बनाए संबंध, पीड़िता बोली- इस वजह से सहती रही सब

नोएडा। पुलिस का कहना है कि आरोपी आशीष को दुष्कर्म आदि के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक सेक्टर में रहने वाले बड़े भाई की मौत के छोटे भाई ने भाभी को शादी का झांसा देकर छह माह तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने कंपनी में काम करने वाले भाई की हादसे में मौत के बाद क्षतिपूर्ति में मिले चार लाख रुपयों को आरोपी व ससुराल वालों ने हड़प लिए। पीड़िता की शिकायत पर मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया है। बीटा-2 थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान फर्रुखाबाद के आशीष के रूप में हुई है। आरोपी को नट मढ़ैया गोलचक्कर से गिरफ्तार किया गया है। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति एक कंपनी में काम करते थे। कुछ महीने पहले महिला के पति की हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसे कंपनी की तरफ से क्षतिपूर्ति में चार लाख रुपये मिले थे। ये रुपये आरोपी देवर व अन्य ससुराल वालों ने ले लिए। आरोपी देवर ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। आरोपियों ने महिला के रुपये भी हड़प लिए।

## सुबह-शाम की ठंडक बच्चों को कर रही बीमार

पीलीभीत। मौसम में बदलाव के कारण अब छोटे बच्चों में सर्दी-खांसी-जुकाम हो रहा है। मेडिकल कॉलेज में 80 प्रतिशत बच्चे इसी बीमारी के पहुंच रहे हैं। ऐसे में डॉक्टर बच्चों के माता-पिता को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। मौसम का बदलाव बच्चों के लिए काफी हानिकारक साबित हो रहा है। दिन में तेज धूप के बाद सुबह-शाम की ठंडक बच्चों को बीमार कर रही है। मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विशेषज्ञ के कक्ष में रोजाना 150 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें वायरल फीवर, निमोनिया, कोल्ड फीवर आदि से ग्रसित बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा बच्चों में अस्थमा व एलर्जी के लक्षण भी मिल रहे हैं। बच्चों के शरीर पर लाल दाने व अन्य समस्याएं सामने आ रही है।

बुजुर्गों में दमा और सांस की हो रही समस्या

बुजुर्गों की बात की जाए तो अधिकांश लोगों में दमा व सांस की समस्या देखी जा रही है। बदलते मौसम में बुजुर्गों व बच्चों को खान पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

क्या बरतें सावधानी

1- बच्चों के खान पान में जंक फूड बिल्कुल न इस्तेमाल करें।
2- सुबह-शाम बच्चों को हल्के गर्म कपड़े पहनाना शुरू कर दें।
3- बच्चों को हल्का गुनगुना पानी पिलाएं, जिससे सर्दी न हो सके।
4- सांस व दमा रोगी जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले।

बदलते मौसम में बच्चों व बुजुर्गों को खास ख्याल रखने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज में कई बच्चों में अस्थमा के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। डॉक्टर की बिना सलाह के कोई भी दवा न लें। -डॉ आजाद, बाल रोग विशेषज्ञ

## पहले पांच नए फड़ तोड़ेगा निगम, बाद में होगा ड्रॉ

पानीपत। नगर निगम ने किला क्षेत्र के वाटर वर्क्स वाली जमीन पर मासाखोरों के लिए नई सब्जी मंडी तैयार तो कर दी है, लेकिन निगम ने इसका ड्रा रोक लिया है। शहर के नेताओं और अधिकारियों के दौरे के बाद सामने आया कि मंडी में पांच फड़ गलत तरीके से बनाए गए हैं। इनकी वजह से मंडी में रास्ता तंग हो जा रहा है। इसलिए पहले ही इन पांच फड़ों को तोड़ने का निर्णय लिया गया है। यहां की जमीन समतल करने के बाद निगम मंडी के फड़ों का ड्रा करेगा। उन्हेलांग है कि नई सब्जी मंडी में बैठे हुए मासाखोरों के लिए 165 फड़ बनाए गए हैं। वहीं, मौजूदा मंडी में बैठे हुए मासाखोरों की संख्या करीब 160 तक की बताई जा रही है। 12 अक्टूबर को नई सब्जी मंडी में तैयार किए गए फड़ों के लिए ड्रा होना तय था। निगम ने इसके पंजीकरण करवाने के लिए निगम सनौली रोड वाली सब्जी मंडी में मुनादी भी करवाई। अधिकारियों ने कहा कि ड्रा में सबसे पहले मौका मौजूदा मासाखोरों को ही दिया जाएगा। निगम ने मौजूदा मासाखोरों की पहचान सत्यापित करने के लिए वीडियोग्राफी तक कराई है। ड्रॉ में भाग लेने वालों को 500 रुपये की फीस देनी होगी। इसके बाद इन्हें सालाना छह हजार रुपये सालाना के करीब किराया भी देना होगा।

## दुष्कर्म के आरोपी की इलाज के दौरान मौत

मुरादाबाद। आठ साल के बालक से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज होने के बाद जहर खाने वाले 45 वर्षीय दुकानदार आदिल रशीद की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बालक की मां पर झूठा केस दर्ज कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने शुक्रवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बिलारी थाने में दस अक्तूबर को एक महिला ने किराना दुकानदार आदिल रशीद के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें महिला ने बताया था कि उसका आठ वर्षीय बेटा समय राशन की दुकान से लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी दुकानदार ने उसके बेटे को रोक लिया। आरोप लगाया था कि वह बालक को दुकान के अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज होने से आहत आदिल ने 11 अक्तूबर की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया था। आदिल और उसके परिजनों का यह भी कहना था कि विरोधियों ने साजिश के तहत उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जहर खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई थी। इसके बाद परिजन सीएचसी बिलारी ले गए, यहां से उसे मुरादाबाद अस्पताल भेज दिया गया था। शुक्रवार दोपहर अस्पताल में आदिल की मौत हो गई। मृतक आदिल रशीद की पत्नी व अन्य परिजनों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची और एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें महिला ने बताया कि उसके पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया था। केस दर्ज करने वाली महिला और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आदिल रशीद की पत्नी ने बताया कि बालक की मां और बिलारी के एक हल्का दरोगा पर प्रताड़ित का आरोप लगाया है।

# 70 फीसदी तैयार हुआ रनवे, एटीएस टावर की छह मंजिल तैयार

## अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्माणाधीन साइट का निरीक्षण कर दिए निर्देश

ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो गया है, वहीं एयर कंट्रोल सेंटर (एटीसी) का छह मंजिल तैयार चुका है, जबकि दो मंजिल का निर्माण चल रहा है। अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन एसपी गोयल शुक्रवार को साइट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। रनवे और एटीएस टावर का कार्य पूरा करने का लक्ष्य अगले साल फरवरी-मार्च तक रखा गया है। गोयल ने सबसे पहले 30 मीटर ऊंचाई वाले एटीसी टावर के निर्माण कार्यों को देखा।

### टेक्निकल भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण

एसपी गोयल सहित सभी अधिकारियों ने एटीसी टावर की आठवीं मंजिल तक सीढ़ियों से गए। उन्होंने टेक्निकल भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वीआईएपीएल के सीईओ निकोलस शेलमैन ने परियोजना की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराते हुए यह बताया कि वर्तमान में एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में 7200 श्रमिक दिन-रात लगे हैं।

### दयानतपुर में बन रहे इंटरचेंज का जायजा

गोयल ने एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए एनएचएआई द्वारा दयानतपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए सड़क बन रही है। इसे समय से पूरा कर लिया जाएगा।

इस दौरान यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ शेलमैन, निकोलस, सीओओ किरण जैन, डीएम मनीष वर्मा, यमुना प्राधिकरण की एसीईओ श्रुति शर्मा, कपिल सिंह, विपिन जैन और ओएसडी शैलेंद्र भाटिया अधिकारी मौजूद रहे।

## नैनीताल में दुर्गा पूजा की तैयारी, डीएसए मैदान में होगा डांडिया नाइट का आयोजन

नैनीताल। नैनीताल में सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी ने 67वें दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी और लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से हैप्पी होम डांडिया नाइट की तैयारियां शुरू हो चुक हैं। 20 अक्तूबर को इसका आयोजन किया जाएगा। सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी ने 67वें दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पालिका की ओर से मंदिर को सजाया जा रहा है और अस्थायी दुकानों के लिए निविदा निकाल दी है। सेवा समिति भवन के भूतल में कलश यात्रा के लिए कलश तैयार किए जा रहे हैं। रचना साह, हेमा नेगी, मंजू बिष्ट, दीप्ति कलश में रंग भरने में जुटी हैं। सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी और लेक सिटी वेलफेयर क्लब नैनीताल की ओर से हैप्पी होम डांडिया नाइट की तैयारियां शुरू हो चुक हैं। 20 अक्तूबर को डीएसए मैदान में डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा।

## तीन घंटे एंबुलेंस में रखा शव, परिजन करते रहे प्रेमिका के परिवार पर कार्रवाई की मांग

मुरादाबाद। जहर खाकर आत्महत्या करने वाले कमलदीप का शव शुक्रवार दोपहर गांव पहुंचा तो परिजन प्रेमिका के परिवार पर कार्रवाई के लिए अड़ गए। उन्होंने तीन घंटे तक एंबुलेंस शव नहीं उतारा। पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब ही लोग शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार किया गया। उधर, कुछ लोग एसएसपी कार्यालय भी पहुंचे। उन्होंने यहां भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

ठाकुरद्वारा के शरीफ नगर निपवासी कमलदीप और उसकी प्रेमिका ने बृहस्पतिवार गांव से करीब 2 किलोमीटर दूर जंगल में जहर खा लिया था। कमलदीप की मौत हो गई थी जबकि प्रेमिका निजी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत में अब तक सुधार नहीं हुआ है।

पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे परिजन एंबुलेंस से कमलदीप का शव लेकर गांव पहुंचे। यहां परिजनों और महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया उन्होंने बिना कार्रवाई के शव को एंबुलेंस से उतारने से इन्कार कर दिया। करीब तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा।

इस बीच पुलिस भी काफी संख्या में वहां मौजूद थी। उनका आरोप था कि कमलदीप की हत्या हुई है आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्हें गिरफ्तार किया जाए। इसके बाद पुलिस जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब लोग शांत हो गए। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में कमलदीप के शव का अंतिम संस्कार किया गया। उधर, गांव में शव पहुंचने से पहले ही प्रेमिका के परिजन घर में ताला लगाकर भाग गए।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डेंगू के मरीज मिलने का सिलसिला जारी, बच्चे भी चपेट में आए

नैनीताल। डेंगू का खतरा लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। शुक्रवार को जिले में 12 नए मरीज मिले। डॉक्टरों का मानना है कि बदलते मौसम के साथ डेंगू से बचाव के लिए लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी।

डेंगू मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को जिले में 12 नए मरीज मिले। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में 135 मरीजों का इलाज चल रहा है, इसमें 19 एलाइजा पॉजिटिव और बाकी संदिग्ध मरीज हैं। बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। डेंगू का खतरा लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। शुक्रवार को भी जिले में कई नए मामले सामने आए हैं। डॉक्टरों का मानना है कि बदलते मौसम के साथ डेंगू से बचाव के लिए लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। अकेले सुशीला तिवारी अस्पताल में हर रोज 8 से 10 डेंगू पीड़ित बच्चे आ रहे हैं। एसटीएच की बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि डेंगू और डेंगू के संदिग्ध मरीज बढ़े हैं। कुछ एलाइजा पॉजिटिव और कुछ कार्ड टेस्ट के संदिग्ध डेंगू मरीज बच्चे भी भर्ती हैं। डेंगू के लक्षणों को पहचानते हुए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। बच्चों में इस बीमारी का असर तेजी से होता है। प्लेटलेट्स कम होने लगती हैं। आमतौर पर डेंगू के लक्षण दो से सात दिन रहते हैं।

डॉ. ऋतु ने बताया कि इस बीच पानी खूब पीएं। 10 किलो वजन तक के बच्चे को चार ग्लास, 20 किलो वजन तक छह ग्लास पानी प्रतिदिन पीना चाहिए। हर चार-पांच घंटे में पानी पीना चाहिए। बच्चों को मच्छरदानी में सुलाना चाहिए। डेंगू के मरीज को भी अलग रखना चाहिए।

डेंगू के लक्षण

बच्चों के हाथ-पांव और सिर में दर्द
सुस्त होना
उल्टी आना
बुखार आना
चिड़चिड़ापन

ये सावधानियां बरतें

बुखार आने पर डॉक्टर से परामर्श लें
बच्चे को स्कूल न भेजें
बुखार कम करने के लिए हल्की दवाएं लें
हल्का खाना लें

# अतिक्रमण हटाने में व्यापारी-प्रशासन आमने सामने

पीलीभीत। शहर में जाम की समस्या को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट ने नगर पालिका टीम और पुलिस के साथ बृहस्पतिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए दूसरे दिन अभियान नहीं चल सका। अधिकारियों का कहना है कि शनिवार या रविवार से अभियान फिर चलाया जाएगा। वहीं व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर अभियान चलाया गया तो वह बाजार बंद करेंगे। शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर बृहस्पतिवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह अचानक पुलिस फोर्स और पालिका की टीम के साथ गैस चौराहे पहुंच गए और अभियान शुरू कर दिया। जेसीबी से पक्के निर्माण का ढहाया गया। एकाएक अभियान चलने से व्यापारी हक्का-बक्का रह गए। इस दौरान अधिकारियों से नोंकझोंक भी हुई। शाम को व्यापारियों ने बैठक कर चेतावनी दी कि अगर अभियान चला तो बाजार बंद कर दिया जाएगा। शुक्रवार को व्यापार आरपार की लड़ाई के मूड में थे। व्यापारियों के विरोध के चलते प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने नहीं पहुंची।

पहले जैसा दिखा नजारा

अभियान न चलने से शहर में अतिक्रमण का हाल पहले जैसा ही देखा गया। स्टेशन रोड पर फुटपाथ पर ठेले खड़े रहे तो दुकानदारों का सामान सड़क पर रखा देखा गया। सड़क पर ठेले, खोमचे वाले भी खड़े थे। नालियों पर कुछ जगह स्लैब टूटे थे। हालांकि यहां व्यापारियों ने लोहे के जाल लगा रखे हैं।

राज्यमंत्री के सामने व्यापारी आज रखेंगे अपनी बात

पीलीभीत। नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, ज़िला महामंत्री शैली अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के रामस्वरूप पार्क में व्यापारियों की बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने बताया कि 11 अक्तूबर को नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट के अलावा प्रभारी ईओ के साथ बैठक हुई थी। इसमें दिवाली के बाद अभियान चलाने की बात तय हुई थी, बावजूद इसके बृहस्पतिवार को नगर पालिका की पूरी टीम जेसीबी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाज़ार में आ धमकी। व्यापारियों ने बताया कि शनिवार का इस संबंध में राज्यमंत्री से वार्ता होगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष नीरज मिश्रा, महामंत्री अमित अवस्थी, युवा नगर अध्यक्ष ऋषभ सिंह, वरिष्ठ मंत्री निमित्त अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निर्मित अग्रवाल, फ़राज़ शम्सी, अदनान शम्सी, रेहान शम्सी, नरेंद्र भारद्वाज सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## बीमारी से तंग युवक ने लगाया मौत का फंदा

मिर्जापुर। क्षेत्र के बिहसड़ा कला गांव के मुराजपुर बस्ती में एक युवक ने शुक्रवार की दोपहर कमरे के अंदर पंखे के सहारे फंदे पर लटक कर जान दे दी। वह बीमारी के चलते परेशान था। जानकारी होते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। जिगना थाना क्षेत्र के बिहसड़ा कला के मुराजपुर गांव निवासी चंदन उर्फ सोनू (22) पुत्र राजेंद्र प्रसाद शुक्रवार को 11 बजे स्नान करके मोबाइल पर बात करते हुए अपने कमरे में गया। कमरे में वह साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। कुछ देर बाद गांव का युवक मिलने आया तो माता प्रेमा देवी ने बताया घर कमरे में गया है। कमरे के पास जाने पर कमरा बंद मिला। युवक ने जब रोशन दान से देखा तो चंदन फंदे से लटक रहा था। उसने शोर मचाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दरवाजा तोड़ कर उसे नीचे उतारा और आनन फानन में उसे चिकित्सक के पास ले गए।

## कर्ज लिए थे 40 हजार, ब्याज चुकाए 55 हजार, फिर प्रताड़ना से तंग आ दी जान

पानीपत। देसराज कॉलोनी में एक ई-रिक्शा चालक ने फाइनेंसर की प्रताड़ना से तंग आकर फंदा लगाकर जान दे दी। 14 वर्षीय बेटी स्कूल से घर लौटी तो उसने पड़ोसियों की मदद से पिता के शव को फंदे से नीचे उतारा। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी। तहसील कैंप थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप है कि 40 हजार कर्ज की जगह पीड़ित ने 55 हजार ब्याज चुकाया था। इसके बावजूद आरोपी उसका ई-रिक्शा छीन ले गए और मारपीट भी की, जिसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया। देसराज कॉलोनी निवासी नसरीन उर्फ निराली ने बताया कि उसके पति की तीन साल पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद देवर दिलशाद उर्फ दिल्ला (24) से उसका निकाह हुआ था। दिलशाद ई-रिक्शा चलाता था। दिलशाद ने छह माह पहले फाइनेंसर महेंद्र से 40 हजार रुपये कर्ज लिए थे, जिसे 10 रुपये मासिक ब्याज की दर से लौटाना था। दिलशाद हर माह ब्याज की रकम चुका रहा था। अब तक वह 55 हजार रुपये दे चुका था, इसके बावजूद फाइनेंसर महेंद्र और उसके साथी टोनी लगातार दिलशाद पर 40 हजार रुपये देने का दबाव बना रहे थे। पिछले 20 दिनों से उनकी प्रताड़ना बढ़ गई थी। वह घर पर आकर भी हाथापाई करने लगे थे। बीते बुधवार को आरोपी घर पर आए और जबरदस्ती 10 हजार रुपये छीनकर ले गए। उसके साथ व पति के साथ मारपीट की। इससे पति मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। बृहस्पतिवार को वह फैक्टरी गई थी, जबकि चारों बच्चे स्कूल गए थे। दोपहर बाद बड़ी बेटी स्कूल से घर लौटी तो उसने पिता दिलशाद का शव फंदे पर लटका देखा।

# गंगापुरी रोड की मरम्मत न होने पर फूटा गुस्सा

पानीपत। खस्ताहाल गंगापुरी रोड की मरम्मत करवाने को लेकर एक बार फिर से शहरवासियों का निगम के खिलाफ गुस्सा फूट गया है। विरोध स्वरूप लोगों ने मुंह पर काली पट्टी बांध कर निगम दफ्तर के सामने सांकेतिक धरने की शुरुआत कर दी है। शहरवासियों ने साथ में तख्ती लेकर निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसके साथ निगम को चेतावनी दी है कि आगामी मंगलवार तक गंगापुरी रोड पर पैचवर्क का काम नहीं हुआ तो इसके बाद अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की शुरुआत हो जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्होंने पिछले शुक्रवार को निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंप रोड की रिपेयरिंग की मांग की थी। जिसमें एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया था। इस शुक्रवार तक काम नहीं हुआ तो वे विरोध पर उतर आए हैं। उनकी मांग है कि दशहरे से पहले शहर में हनुमान स्वरूपों की टोलियों में यात्राएं निकलती हैं। ऐसे में शहर की खस्ताहाल सड़कों में से गंगापुरी रोड पर फिर से हनुमान स्वरूपों को नंगे पैर निकलना होगा। जिससे लोगों की आस्था को ठेस पहुंचेगी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विशेष तौर पर शहर के बीचों बीच सनौली रोड से लेकर गंगापुरी रोड होते हुए सेक्टर 11-12 तक सडक के हालात सबसे खस्ता हैं। यहां उखड़ी सड़क पर सिर्फ पत्थर और गड्ढे हैं। भाजपा नेता हिमांशु शर्मा, अनिल शर्मा, हन्नी डावर, अमित गुलाटी, गौरव मदान, आयुष कपूर, सुनील चावला, हरीश सलूजा, हर्षित, विशु गोयल और पंकज ने कहा कि पिछले पांच साल से गंगापुरी रोड के हालात खस्ता हैं। ये मेन रोड सनौली रोड को सेक्टर 11-12 से जोड़ता है। पुराने शहर के ज्यादातर हनुमान स्वरूप हर साल नंगे पैर इसे रास्ते से होकर गुजरते हैं। जिसे आज तक सही नहीं करवाया गया है। इसका पैच वर्क करवाने के काम को निगम फिजूल खर्ची बताते हैं, जबकि निगम ने सभी वार्डों में करोड़ों रुपये के फिजूल खर्च किए हैं। इस काम पर केवल दो से तीन लाख का ही खर्च आता। निगम एक्सईएन प्रदीप कल्याण का कहना है कि इस रोड को नया आरसीसी से बनवाने के लिए 96 लाख रुपये का टेंडर लगा दिया है।

## पैमाइश कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराई जाएगी गोमती नदी की जमीन

पानीपत। गोमती नदी की जमीन पर कलीनगर और पूरनपुर तहसील क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे हटाने के लिए अब राजस्व विभाग के जिला शासकीय अधिवक्ता विधिक प्रक्रिया के तहत पैमाइश कराएंगे। इसके बाद नदी की जमीन को कब्जामुक्त कराके राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया जाएगा। उद्गम स्थल फुल्हर से निकली गोमती नदी की जमीन पर अवैध कब्जों का मामला शासन स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद जब पड़ताल की गई गई तो राजस्व रिकॉर्ड में कलीनगर तहसील के सात और पूरनपुर तहसील के 28 गांवों में गोमती नदी के से जमीन ही दर्ज नहीं पाई गई। इतना ही नहीं नक्शे में भी कहीं नदी नहीं है। इसे लेकर कलीनगर एसडीएम ने डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। एसडीएम ने जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है की कलीनगर तहसील क्षेत्र के सात एवं पूरनपुर तहसील के 28 राजस्व गांवों के नक्शे व खतौनी में गोमती नदी के नाम कोई भूमि दर्ज नहीं है और न नदी का नक्शे में प्रबाह दर्शाया गया है।

# बताए पराली न जलाने और फसल अवशेष प्रबंधन के फायदे

पानीपत। मतलौडा खंड के शेरा गांव के सरपंच सुरेंद्र सिंह के मीटिंग हाल में शुक्रवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें करीब सौ किसान शामिल हुए। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को पराली और धान के अवशेषों के प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि उपनिदेशक डॉ. आदित्य डबास ने किसानों को पराली न जलाने और फसल अवशेष प्रबंधन करने का आह्वान किया।

कृषि विकास अधिकारी डॉ. वजीर सिंह ने कहा कि भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। किसान अपनी फसल के अवशेष को जलाने की बजाय निस्तारण कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं। किसान पराली प्रबंधन के लिए विभागीय पोर्टल पर 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सुपरवाइजर सतिन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कई योजना चला रही हैं। किसान इन योजनाओं का लाभ उठाकर फसल अवशेष प्रबंधन कर सकते हैं। पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। एटीएम जगफूल राठी ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत किसानों को पराली न जलाने व उसके उचित उपयोग के बारे में जागरूकता अभियान चलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग द्वारा पराली प्रबंधन के लिए किसानों को मशीनें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सहायक जोगेंद्र भालसी कहा कि पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने की व्यापक रणनीति बनाकर काम किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत सरपंच सुरेंद्र सिंह ने कृषि विशेषज्ञों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि किसान अब पराली नहीं जलाने को लेकर जागरूक हुए हैं। फसल अवशेषों का निपटारा करना पराली के किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती है। सरकार को किसानों की समस्या को देखते हुए जरूरी उपकरण समय पर उपलब्ध करवाने चाहिए। इसके साथ पोर्टल में आ रही खामियों को दूर किया जाएं। इस अवसर पर रामकरण, जोगेंद्र भालसी व बलवान लोहारी मौजूद रहे।

## ड्राइविंग के मुफ्त प्रशिक्षण के साथ मानदेय भी मिलेगा

हल्द्वानी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ईडब्लूएस को इंस्टीयूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) देहरादून में वाहन चलाने का निशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। जिलेवार कोटा भी निर्धारित कर दिया गया है। संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने सभी संभाग के आरटीओ प्रशासन को निर्देश दिए कि एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्लूएस वर्ग को आईडीटीआर देहरादून में निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एलएमवी ड्राइविंग प्रशिक्षण (21 दिन), एचएमवी ड्राइविंग प्रशिक्षण (30 दिन) और फोर्कलिफ्ट ड्राइविंग प्रशिक्षण (15 दिन) दिया जा रहा है। फोर्कलिफ्ट ड्राइविंग प्रशिक्षण के अलावा बाकी सभी प्रशिक्षण में 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा। इसके अलावा दो दिन का पुनश्चर्या प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी ने बताया कि नैनीताल जिले से 65, चंपावत जिले से 22 और ऊधमसिंह नगर जिले से 68 लोगों को मौका दिया जाएगा।

# रनवे से पहले चुनावी रैलियों में उड़ान भरेगा नोएडा एयरपोर्ट

*- आगामी लोकसभा चुनावों से पहले एनआईए के उद्घाटन की तैयारी*

ग्रेटर नोएडा। जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान का लक्ष्य सितंबर 2024 रखा गया है। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव की रैलियों में नोएडा एयरपोर्ट की गूंज देश भर में सुनाई देगी। केंद्र व प्रदेश सरकार महत्वकांक्षी परियोजना एयरपोर्ट का उद्घाटन नए साल में करने की तैयारी में हैं। पूरी संभावना है कि नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कर दिया जाएगा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना होने के कारण आगामी लोकसभा चुनाव की रैलियों में भाजपा के स्टार प्रचारक नोएडा एयरपोर्ट और इससे होने वाले विकास की जानकारी देकर वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

जेवर में नोएडा एयरपोर्ट निर्माण का सपना प्रदेश की बसपा व सपा सरकार ने भी देखा था। लेकिन केंद्र सरकार का साथ व समर्थन नहीं मिलने के कारण यह परियोजना केवल चुनावी वादों में ही सुनाई देती रही। योजना को मंजूरी नहीं मिलने के कारण केंद्र सरकार पर ठीकरा भी फोड़ा जाता रहा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व केंद्र में सरकार बनने के बाद से इस परियोजना पर नए सिरे से काम किया गया। एक के बाद एक बाधाओं को प्रदेश व केंद्र सरकार ने दूर किया। जमीन अधिग्रहण से लेकर विभागीय औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद तेजी से निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) और विकासकर्ता कंपनी के बीच 40 साल का अनुबंध हुआ था। इसके अंतर्गत एक अक्तूबर 2021 से कंस्ट्रक्शन शुरू करना माना गया है और 1095 दिन के अंदर संचालन शुरू होना है। यानी कागजों में निर्माण कार्य एक अक्तूबर से शुरू होना माना गया है। 30 सितंबर 2024 को ही एयरपोर्ट का काम पूरा करके विकासकर्ता कंपनी को संचालन शुरू करना है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि इससे पहले ही यहां से पहली उड़ान भरी जाएगी। एयरपोर्ट में टर्मिनल वन बिल्डिंग 90 हजार वर्ग मीटर में बन रही है। अगर निर्माण कार्य व उड़ान में देरी होती है दस लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से कंपनी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

विधानसभा चुनाव से पहले हुआ शिलान्यास

उत्तर प्रदेश में फरवरी 2022 में हुए विधानसभा चुनाव व आचार संहिता लागू होने से पहले 25 नवंबर 2021 को जेवर में नोएडा एयरपोर्ट का शिलान्यास किया गया था।

इस अवसर पर भव्य आयोजन किया गया था। अब लोकसभा चुनाव से पहले नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी है। इस अवसर पर भी पहले से अधिक भव्य आयोजन होने की संभावना है।

## आठवीं के छात्र का दिल्ली पैरलल नहर में मिला शव

पानीपत। वधावाराम कॉलोनी के आठवीं कक्षा के छात्र का 48 घंटे बाद एनएफएल नाके के पास शुक्रवार को दिल्ली पैरलल नहर में शव मिला है। छात्र बुधवार को स्कूल के लिए निकला था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा। उसके जूते, कपड़े और बैग नहर किनारे मिले थे। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी थी। वधावाराम कॉलोनी के रहने वाले श्याम लाल ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं। जिनमें सबसे छोटा बेटा 16 वर्षीय जीतू बुधवार को घर से स्कूल के लिए गया था। वह दोपहर को स्कूल से घर नहीं लौटा। उन्होंने बेटे की तलाश शुरु की। स्कूल गए तो पता चला कि जीतू बुधवार को स्कूल नहीं गया। जिसके बाद उन्होंने बेटे के बारे में रिश्तेदारों व आस पड़ोस के लोगों से पूछा, लेकिन उन्हें भी कोई जानकारी नहीं थी। जिसके बाद उन्होंने बृहस्पतिवार को मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। दोपहर के समय एक अज्ञात व्यक्ति ने परिवार को फोन सूचना दी कि जीतू के कपड़े, जूते और बैग नहर किनारे पड़े है। आईडी कार्ड पर नंबर भी मिला, तो उन्होंने फोन किया।

## यमुना में डूबे दो जमातियों के शव 32 घंटे बाद बरामद

पानीपत। तामशाबाद गांव के पास यमुना में डूबे दोनों जमातियों के शव करीब 32 घंटे बाद मिल गए हैं। दोनों गहरे कुंड में पत्थरों के बीच फंसे हुए थे। पटियाला और कुरुक्षेत्र समेत कई जिलों के गोताखोरों ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से कुंड में जाकर उनके शवों को निकाला। इसमें मरने वालों की संख्या चार पहुंच गई है। एक जमाती को सकुशल बाहर निकाल लिया था। दोनों के शव मिलने पर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए हैं। यमुना में डूबे दो जमातियों की तलाश को लेकर शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे फिर से तलाशी अभियान शुरू किया। पंजाब के पटियाला, करनाल, अंबाला व कुरुक्षेत्र से छह विशेष टीम ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ पहुंची। इन टीमों में करीब 30 सदस्य थे। इसके अलावा यूपी के मवी से करीब 20 और 50 अन्य गोताखोर लगे हुए थे। मोटर बोट के अलावा ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ गोताखोर यमुना में उतरे। दोपहर तक किसी के बरामद न होने पर कई गोताखोरों ने एक साथ कुंड में जाने का फैसला लिया। चार टीम ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ कुंड में उतरी। टीम ने कुंड में पत्थरों के बीच फंसे जालपाड़ गांव निवासी वादिल (17) का शव दोपहर बाद करीब 3:50 बजे मिला। इसके बाद टीम ने यहीं पर तलाशी अभियान चलाया। करीब साढ़े चार बजे गांव झांबा निवासी आमिर (17) का शव मिला। परिजनों में शवों को देखकर कोहराम मच गया

उधर एसपी पानीपत अजीत सिंह शेखावत ने इस संबंध में बताया कि यमुना में डूबे बाकी दोनों किशोरों के भी शव बरामद कर लिए हैं। लोगों से बच्चों व उनके खुद भी यमुना में न नहाने की अपील है।

यह है मामला

जिले के सनौली थाना क्षेत्र के तामशाबाद गांव में वीरवार को तबलीगी जमात में आए छह जमाती वीरवार को सुबह करीब आठ बजे यमुना में नहाने उतरे थे। वे एक बार नहाकर बाहर निकल आए थे। जालपाड़ निवासी समीर तैरना आने की बात कहकर फिर से यमुना में कूद गया था। वह डूबने लगा तो उसके साथ वादिल, सैफ अली, आमिर और एक अन्य यमुना में कूद गए। तबलीगी मौलबी आकिब ने एक को बचा लिया था।

